जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 148, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 25 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# शिंदे की सेना में 38 'सैनिक'

## हिम्मत है तो बाला साहेब का नाम लिए बिना लोगों के बीच आएं, सीएम हाउस छोड़ा, पद नहीं: उद्धव ठाकरे



**मुंबई/गुवाहटी:** चौथे दिन महाराष्ट्र की सियासी लड़ाई आर-पार के मूड में आ गई है। मातोश्री में एक मीटिंग के दौरान शिवसेना चीफ उद्धव ने कहा कि ठाकरे का नाम लिए बिना ये लोग नहीं रह सकते हैं। कभी शिवसेना के लिए मरने की बात कहते थे, अब पार्टी तोड़ना चाहते हैं। मैंने सीएम हाउस छोड़ा है, मुख्यमंत्री का पद नहीं। वहीं गुवाहाटी से मुंबई के लिए निकले बागी नेता एकनाथ शिंदे शहर में 3 घंटे घूमने के बाद वापस होटल लौट आए हैं। शिंदे गुट के 2 निर्दलीय विधायक महेश बलदी और विनोद अग्रवाल ने डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल को हटाने के लिए नोटिस दिया है। नरहरी पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बिना सलाह लिए अजय चौधरी को शिवसेना विधायक दल का नेता चुन लिया। सूत्रों के मुताबिक शिंदे मुंबई आकर डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल से मुलाकात कर सकते हैं। शिंदे विधायकों के समर्थन वाला लेटर भी जिरवाल को सौंप सकते हैं। शिवसेना ने 4 और विधायकों को अयोग्य ठहराने की चिट्ठी विधानसभा के डिप्टी स्पीकर को भेजी है। शिवसेना ने गुरुवार को 12 विधायकों को अयोग्य ठहराने की चिट्ठी पहले ही लिख चुकी है। शिवसेना की लीगल टीम भी विधानसभा पहुंची है। शिवसेना के विधायकों का मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे कैंप को जॉइन करने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह खबर आई है कि मुंबई से दो और शिवसेना विधायक दिलीप लांडे और भास्कर जाधव गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए हैं।



**शिंदे को अब तक 14 निर्दलीय विधायकों का समर्थन:** शिंदे कैंप को अब तक 14 निर्दलीय विधायकों का समर्थन मिल चुका है। 5 निर्दलीय विधायक गुरुवार देर रात मुंबई से सूरत पहुंचे और गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं, 9 निर्दलीय विधायक राजकुमार पटेल, चंद्रकांत पाटिल, नरेंद्र भोंडेकर, किशोर जोगेर्वार, मंजुला गावित, विनोद अग्रवाल, गीता जैन, बच्चू कडू और राजेंद्र यडरावकर पहले से ही गुवाहाटी में मौजूद हैं।

**बातचीत का वक्त खत्म हो गया:** शिवसेना नेता संजय राउत बोले कि बातचीत का वक्त खत्म हो गया है। अब हम बागियों को बताएंगे कि शिवसेना क्या है? अब हम हार नहीं मानेंगे। फ्लोर टेस्ट होने के बाद सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। मुंबई आकर लड़ाई करें, फिर परिणाम दिखेगा। वहीं आदित्य ठाकरे बोले कि कांग्रेस धोखा देती तो इतना बुरा नहीं लगता; हमारे ही लोगों ने साथ छोड़ दिया है। उद्धव ने कहा जो जा रहा है, जाने दो।

**अल्पमत में है उद्धव सरकार: शिंदे**
उद्धव सरकार अल्पमत में है। हमारे विधायकों को डराने की कोशिश की जा रही है। हमें कोई डरा नहीं सकता है। हमारे पास शिवसेना के 39 और निर्दलीय 14 विधायक हैं।

**भाजपा ने लिखा राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को लेटर:** भाजपा ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पत्र लिखा है। पत्र में सियासी हलचल पर राज्यपाल से हस्तक्षेप और सरकार की ओर से लगातार लिए जा रहे फैसले पर हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

पत्र में आगे कहा गया है- 160 से अधिक के सरकारी आदेश 48 घंटे के भीतर जारी किए गए हैं। विकास परियोजनाओं की आड़ में हो रही इस तरह की घटना संदेह पैदा कर रही है।

## गोवा में हो सकती है शिंदे समर्थक विधायकों की परेड

**मुंबई:** महाराष्ट्र का सियासी संकट अब एक रोमांचक मोड़ पर खड़ा है। शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने अपने साथ 49 विधायकों की तस्वीर जारी कर दी है। दूसरी तरफ शिवसेना के संजय राउत ने कहा है कि हम एनसीपी और कांग्रेस से गठबंधन तोड़ने के लिए तैयार हैं। बस शिंदे मुंबई आकर उद्धव से बात करें। इसके अलावा खबर है कि बीजेपी ने शिंदे को सरकार बनाने का ऑफर भेज दिया है।

**शिवसेना पर दावा ठोक सकते हैं शिंदे:** एकनाथ शिंदे गुवाहाटी में ही शिवसेना विधायक दल का नेता बन सकते हैं। इसके बाद विधानसभा स्पीकर को ई-मेल या चिट्ठी लिखकर विधानसभा में अपने गुट को असली शिवसेना घोषित करने की मांग कर सकते हैं। इस सिनेरियो की संभावना सबसे ज्यादा है। महाराष्ट्र विधानसभा में 8 महीने से स्पीकर का पद खाली है। उनकी जगह एनसीपी के नरहरि सीताराम झीरवाल डिप्टी स्पीकर हैं। अगर एनसीपी उद्धव के साथ डटी रहती है, तो शिंदे के शिवसेना पर दावा ठोकने की अपील के लटकने की संभावना ज्यादा है।

**सरकार बनाने का दावा पेश कर सकते हैं शिंदे:** एकनाथ शिंदे राज्यपाल के सामने बीजेपी के समर्थन से सरकार बनाने का दावा ठोक सकते हैं। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी कोरोना से जूझ रहे हैं। वो उद्धव सरकार को फ्लोर टेस्ट कराने का निर्देश दे सकते हैं। अगर फ्लोर टेस्ट हुआ तो गेंद फिर स्पीकर के पाले में चली जाएगी और स्पीकर शिवसेना की अपील पर शिंदे खेमे को दलबदल कानून में फंसा सकते हैं।

**विधायकों को मुंबई बुलाने की कवायद कर सकते हैं ठाकरे:** उद्धव के खेमे में सिर्फ 13 विधायक बचे हैं। इन विधायकों के साथ बैठक के बाद संजय राउत ने कहा कि हम एनसीपी और कांग्रेस से गठबंधन तोड़ने के लिए तैयार हैं। बस शिंदे मुंबई आकर उद्धव से बात करें। बागी विधायकों को मुंबई बुलाने के पीछे उद्धव खेमे का छिपा मकसद हो सकता है। वो बागियों को किसी तरह मुंबई बुलाकर उन्हें अपने पाले में तोड़ने की कोशिश कर सकते हैं। उद्धव खेमे की यही आखिरी उम्मीद भी नजर आती है।

# राष्ट्रपति चुनाव: द्रौपदी मुर्मू ने नॉमिनेशन भरा

## मोदी-शाह समेत 8 बड़े दिग्गज बने प्रस्तावक, बीजेडी और वाईएसआर के कई नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली:** झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने एनडीए की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह के अलावा बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस के नेता भी मौजूद रहे। द्रौपदी मुर्मू ने 4 सेटों में नामांकन दाखिल किया गया। द्रौपदी मुर्मू की राष्ट्रपति उम्मीदवारी के लिए पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, ललन सिंह, पशुपति पारस, रेणु देवी और



तारकिशोर प्रसाद प्रस्तावक रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले मुर्मू ने संसद में महात्मा गांधी, डॉ अंबेडकर और बिरसा मुंडा की मूर्तियों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। 29 जून को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है।

**मुर्मू ने विपक्षी नेताओं को फोन कर मांगा समर्थन:** द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित प्रमुख विपक्षी नेताओं को फोन किया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने नामांकन से पहले व्यक्तिगत रूप से सभी से बात की और समर्थन मांगा। हाल तीनों बड़े नेताओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। इससे पहले गुरुवार को द्रौपदी मुर्मू पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इसके बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के घर पर राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नामांकन के लिए प्रस्तावक और समर्थक के तौर पर नॉमिनेशन पेपर पर हस्ताक्षर किए गए।

**द्रौपदी के समर्थन में आए जगन:** आंध्र प्रदेश के सीएम जगनमोहन रेड्डी ने गुरूवार को ऐलान किया है कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी। सीएम जगन का

## तपन इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली:** इंटेलिजेंस ब्यूरो के विशेष निदेशक आईपीएस अधिकारी तपन कुमार डेका को इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल दो साल का होगा। 1988 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के अधिकारी डेका को 2021 में पुलिस महानिदेशक स्तर के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।

**परमेश्वरन अय्यर को नीती आयोग के सीईओ नियुक्त:** साथ ही भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी परमेश्वरन अय्यर को नीति आयोग का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया।

## बुलडोजर कार्रवाई पर टली 'सुप्रीम' सुनवाई



**नई दिल्ली:** उत्तर प्रदेश में विवादित संपत्तियों पर बुलडोजर चलाए जाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर सुनवाई 29 जून के लिए टाल दी गई है। दरअसल, यूपी में हाल ही में की गई बुलडोजर कार्रवाई को जमीयत उलमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश जाएं कि राज्य में संपत्तियों का कोई और विध्वंस उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना नहीं किया जाए। वहीं, जमीयत उलेमा ए हिंद ने राज्य सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से इस मामले में दलील दी गई थी कि बुलडोजर कार्रवाई का दंगों से संबंध नहीं है। जो निर्माण गिराए गए हैं, उनके बारे में आदेश महीनों पहले जारी हो चुका था। संपत्तियां ढहाने का काम प्रक्रिया का पालन करते हुए ही किया गया है।

**दंगे से पहले शुरू हो गई थी कार्रवाई:** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की याचिका में कोई दम नहीं है, इसे खारिज किया जाना चाहिए। प्रयागराज में जावेद मोहम्मद के घर को गिराने का उदाहरण देते हुए याचिकाकर्ता को चुनिंदा मामले को उठाने का दोषी ठहराते हुए यूपी सरकार ने कहा कि इस अवैध निर्माण को गिराने की प्रक्रिया दंगों की घटनाओं से बहुत पहले शुरू कर दी गई थी।

**जमीयत की याचिका तथ्यों से परे:** उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने हलफनामे में यह कहा कि जहां तक दंगे के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का सवाल है, राज्य सरकार उनके खिलाफ पूरी तरह से अलग कानून के अनुसार सख्त कदम उठा रही है। जमीयत ने राज्य की मशीनरी और उसके अधिकारियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह से मिले सीएम धामी

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के सीएसआईएसएसी (कम्पोनेंट-1) में अनुमन्य अनुदान को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की ओर से सहायतित एवं सहकारिता के अनुदानित के तहत राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना संचालित की जा रही है। राज्य में सहकारी क्षेत्र में गठित विभिन्न सहकारी संस्थाओं को व्यवसायिक रूप से शुद्ध इकाई बनाने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को प्रदेश सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना प्रस्तुत की है। इसमें संयुक्त सहकारी खेती व अन्य कृषि एवं सहवर्ती व्यवसायों को सामूहिक रूप से उत्पादन वृद्धि और उनका मूल्य संवर्द्धन कराते हुए किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की व्यवस्था की गई। इसकी सैद्धान्तिक एवं वित्तीय स्वीकृति राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने प्रदान की थी।

## कानपुर हिंसा: मालिक मुख्तार बाबा सहित 26 के खिलाफ 3 एफआईआर

# कानपुर हिंसा: बाबा बिरयानी हाउस पर चलेगा बुलडोजर

**कानपुर:** कानपुर हिंसा के मास्टरमाइंड हयात जफर हाशमी को फंडिंग के आरोपों से घिरे मुख्तार बाबा पर शिकंजा कस रहा है। अब उसके बाबा बिरयानी रेस्टोरेंट पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। हालांकि, पुलिस के मुताबिक रेस्टोरेंट पर होने वाली कार्रवाई अवैध निर्माण की वजह से हो रही है। पुलिस सोर्स के मुताबिक मुख्तार बाबा पर 3 एफआईआर मंदिर तोड़कर बिरयानी हाउस बनाने के लिए हुईं हैं। जांच में ये साफ हो चुका है कि राम जानकी मंदिर तोड़कर बिरयानी हाउस बनाया गया है।




**मुस्लिम वादी के मुताबिक-1931 में मंदिर से लोग पलायन कर गए:** बजरिया में रहने वाले जूनियर हाई स्कूल में प्रधानाचार्य सैयद अदीबुल कदर की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। तहरीर में उन्होंने लिखा है, "बेकनगंज के डॉ. बेरी चौराहा पर रहता हूं। बचपन में मैंने देखा था कि बगल वाले मकान में राम जानकी मंदिर था। इस मंदिर परिसर में 18 हिन्दुओं की दुकानें थीं। 1931 के दंगे के बाद ये सभी पलायन कर गए थे। इसके बाद मंदिर तोड़कर उस पर बाबा बिरयानी हाउस खड़ा कर दिया गया।" पुलिस ने तहरीर पर मुख्तार बाबा, मौला बख्श, पाकिस्तानी नागरिक आबिद रहमान, मुख्तार की मां हाजरा बेगम, बाबा मुमताज अहमद, भाई मुश्ताक अहमद, असरारुल हक उर्फ पप्पू सुनार, महफूज आलम, इल्तिफात हुसैन, मो. वकार, इरशाद, एहतिशामुल।

# कोरोना का कोहराम, एक दिन में 17 हजार से ज्यादा मामले

**नई दिल्ली:** कोरोना एक बार फिर से डराने लगा है। देश में तेजी से मामले बढ़ रहे हैं और इसके साथ ही संक्रमण दर भी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को सामने आई केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, 24 घंटे के अंदर 17,336 मामले सामने आए हैं। जबकि, एक दिन पहले 13313 मरीज सामने आए थे। इसका मतलब है देश में एक दिन के अंदर चार हजार से ज्यादा मामले बढ़े हैं। इसके अलावा कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सक्रिय मरीजों में भी तेजी से इजाफा दर्ज किया जा रहा है। देश में अब 88,284 सक्रिय मरीज हैं। जबकि, कल तक 83,990 सक्रिय मरीज थे। एक दिन में चार हजार से ज्यादा सक्रिय मरीज भी बढ़े हैं।




**दिल्ली में संक्रमण दर 8 फीसदी के पार:** राजधानी दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना के मामलों में उछाल आया है। बीते पांच महीने में संक्रमण के सबसे अधिक 1934 मामले मिले हैं। इससे पहले तीन फरवरी को एक दिन में 2668 मरीज मिले थे। नए मामलों के साथ संक्रमण दर 8.10 फीसदी दर्ज की गई है। वहीं, 1233 मरीजों ने कोरोना को मात दी है।

**महाराष्ट्र में 5000 से ज्यादा मामले:** महाराष्ट्र में गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 5,218 नए मामले सामने आए, जबकि एक और मरीज ने महामारी के चलते जान गंवा दी। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,479 नए मरीजों की पहचान हुई। इसमें बताया गया है कि राज्य में बुधवार के मुकाबले गुरुवार को 60 फीसदी ज्यादा मामले सामने आए। बुधवार को महाराष्ट्र में कोविड-19 के 3,260 नए मामले व तीन और मौतें दर्ज की गई थीं। सबसे ज्यादा 13,614 मामले मुंबई में रिकॉर्ड किए गए थे। पड़ोसी ठाणे जिले में 5,488 और पुणे में

# पिंदा निहालुवालियां गैंग का नेटवर्क ध्वस्त

## 13 शार्प शूटर समेत 19 आरोपी गिरफ्तार, हथियार और नकदी भी बरामद

**जालंधर:** जालंधर देहात पुलिस ने पंजाब के बड़े गैंगस्टर नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पिंदा निहालुवालियां गैंग के 13 शार्प शूटरों और उन्हें पनाह देने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 11 रिवाल्वर, आठ लाख रुपये की विदेशी करेंसी और दो वाहन बरामद किए गए हैं। एसएसपी देहात स्वप्न शर्मा ने यह जानकारी दी। एसएसपी देहात स्वप्न शर्मा ने बताया कि थाना लोहियां की पुलिस ने गुप्त सूचना पर गैंगस्टरों को पकड़ा है। सभी 13 गैंगस्टर हिस्ट्रीशीटर हैं,



जिनके खिलाफ हत्या, फिरौती और लूटपाट के जालंधर, कपूरथला, फिरोजपुर, तरनतारन और बठिंडा में 24 के करीब आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया कि पुलिस पिछले तीन हफ्तों से गैंगस्टरों की लोकेशन ट्रेस कर रही थी जो अक्सर ट्रेसिंग एप का इस्तेमाल कर वारदात को अंजाम देकर निकल जाते थे।

## खबर संक्षेप

### पांच के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** ग्राम समाज की जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा करके निर्माण करने पर ग्राम प्रधान ने पांच के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम धरौता के ग्राम प्रधान चौधरी सुभाष पासी ने मऊआइमा थाने में यह मुकदमा दर्ज कराया है कि ग्राम समाज की जमीन पर जबरियन कब्जा करके निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने जयप्रकाश पटेल ,रामबाबू पटेल,दिवाकर पटेल ,राजेन्द्र पटेल, शम्भूनाथ पटेल के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण का मुकदमा दर्ज कराया।

### पत्रकार की माता जी का निधन, शोक संवेदना व्यक्त किया

**जंघई।** अगहुआ गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अमर उजाला विभाष चंद्र यादव की माता जी का निधन होने पर क्षेत्रीय नागरिकों एवं परिजनों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है। दिवंगत माता जी कलावती देवी की आत्मा के शांति हेतु सुभाष चन्द्र यादव, डॉ पीसी यादव, ब्रह्मदेव, धर्मदेव, श्यामदेव, कपिल देव, अवध नारायण, ज्ञानदेव, समर बहादुर, दान बहादुर, राजकुमार, चंद्रदेव, लालमणि, जितेंद्र, अजीत, विवेक, हर्ष, सुधांशु, अर्श, अवि सिंह यादव आदि लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# पीसीएस में स्केलिंग को लेकर प्रतियोगियों ने आयोग को घेरा

**अखंड भारत संदेश**



लोक सेवा आयोग की घेराव करते छात्र

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) जल्द ही पीसीएस-2021 की मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी करने वाला है, लेकिन रिजल्ट घोषित होने से पहले ही विवाद शुरू हो गया। प्रतियोगी छात्रों का दावा है कि आयोग ने पीसीएस परीक्षा में स्केलिंग बंद कर दी है और इसी वजह से मानविकी विषय एवं हिंदी माध्यम के छात्र बड़ी संख्या में छंटकर बाहर हो जा रहे हैं। इस मसले पर प्रतियोगियों ने बृहस्पतिवार को आयोग कार्यालय का घेराव किया और ज्ञापन दिया।आयोग ने पीसीएस 2018 से अभ्यर्थियों की मार्कशीट में स्केल्ड और नॉन स्केल्ड अंकों की जानकारी देनी बंद कर दी है। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। अभ्यर्थियों का दावा था कि आयोग ने पीसीएस में स्केलिंग की व्यवस्था समाप्त कर दी है और इसी वजह से स्केल्ड एवं नॉन स्केल्ड अंकों की जानकारी नहीं दी जा रही है। अभ्यर्थी लगातार मांग करते रहे कि आयोग इस बारे में अपरा रुख स्पष्ट करे। बृहस्पतिवार को छात्रों ने इस मसले पर आयोग में प्रदर्शन किया। छात्र आयोग के अध्यक्ष से मिलना चाहते थे, लेकिन उनके प्रतिनिधि के रूप में मीडिया प्रभारी पुष्कर श्रीवास्तव ने बात की।छात्रों ने उनसे पूछा कि यह स्पष्ट रूप से बताएं कि पीसीएस-2021 में स्केलिंग होगी या नहीं। पुष्कर श्रीवास्तव ने संजय सिंह केस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश के अनुपालन में स्केलिंग की जाती है।हालांकि छात्र उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। छात्र चाहते हैं कि आयोग वह फामूर्ला सार्वजनिक करे, जिसके तहत स्केलिंग की जा रही है। छात्र अब इस मसले पर अपनी बात रखने के लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मिलन का समय मांगेंगे। भ्रष्टाचार मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष कौशल सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन एवं घेराव में उत्कर्ष द्विवेदी, राणा सिंह, अवनीश राय, सतीश सिंह, विवेक कुमार, उत्तम कुमार पांडेय, सुशील कुमार आदि शामिल रहे।

### विवाह समारोह से दो लाख की चोरी, पुलिस ने किया एफआईआर

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के छिवकी स्टेशन समीप एक गेस्ट हॉउस के गेट के पास से बुधवार की रात उच्चको ने बैग से भरे बैग को ब्लेंड से काटकर लाखो रुपए पर कर दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी इंडस्ट्रीयल कॉलोनी के सुरेंद्र सिंह के घर वैवाहिक कार्यक्रम था। बारात जैसे ही नैनी थाना क्षेत्र अंतर्गत छिवकी रेलवे स्टेशन समीप स्थित एक गेस्ट हॉउस के गेट के पास पहुंची। उसी दौरान उछक्को ने सुरेंद्र सिंह के पास मौजूद रुपए से भरे बैग को ब्लेंड मारकर कॉट दिया। उसमे रखा दो लाख तीस हजार पर कर दिया।उक्त मामले में इलाकाई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जाँच पलताल में जुटी हुई है।

### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ जुम्मे का नमाज

**नैनी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पांडे के आदेश पर शुक्रवार दोपहर जुम्मे का नमाज सकुशल नैनी में संपन्न हुआ। इसके लिए नैनी कोतवाल समेत सभी चौकी इंचार्ज मस्जिदों में मौजूद रहे।इस दौरान नैनी क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।नैनी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार वर्मा, एसएसआई अजय सिंह,नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज, जेल रोड चौकी इंचार्ज, एग्रीकल्चर चौकी इंचार्ज, एडीए चौकी इंचार्ज, तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### कटहरा बाजार से लौटते समय इकलौते चिराग की गला घोंटकर हत्या



**धनूपुर।** उतरांव थानांतर्गत घाटमपुर निवासी अनिल यादव उम्र 20 वर्ष पुत्र वासुदेव यादव गुरुवार देर शाम अपने घर वालों को बताकर कटहरा बाजार गया था। देर रात होने के बावजूद भी वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई तो खोजबीन किया लेकिन रात में पता नहीं चला ग्रामीण जब सुबह सुबह टहलने के लिए निकले तो देखा कि अनिल यादव का शव मरणासन्न स्थिति में उसके गांव घाटमपुर के प्राथमिक विद्यालय के पास पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने अनिल के परिजनों को सूचना दिया। परिजनों को सूचना मिली तो कोहराम मच गया रोते बिलखते हुए परिजन पहुंचे। सूचना पर एसपी गंगापार, सीओ हंडिया, उतरांव पुलिस मौके पर पहुंची और मौके का मुआयना किया।मृत अनिल अपने माता पिता का एकलौता बेटा था एक बड़ी बहन भी है मृतक के पिता वासुदेव यादव मुंबई में रहकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं अनिल की मौत से मां रिंपा देवी सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है सभी ने प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### मॉर्डन विवेचना कक्ष से विवेचकों को मिलेगी सुविधा : एसएसपी




**घूरपूर।** घूरपूर थाना परिसर में नवनिर्मित मॉर्डन विवेचना कक्ष का शुक्रवार के दिन प्रयागराज एसएसपी अजय कुमार ने लोकार्पण किया । इस बीच उन्होंने मौजूद गणमान्य व पुलिस कर्मियों के बीच कहा कि इस विवेचना कक्ष से विवेचनाधिकारियों को काफी सुविधा होगी। शांत माहौल में विवेचक अपने कार्यो का कार्यान्वयन सुलभता के साथ कर सकेंगे । विवेचना कक्ष के लोकार्पण के बाद एसएसपी ने घूरपूर थाने का निरीक्षण किया । इस बीच पुलिस कर्मियों को आम जनमानस के बीच मधुर व्यवहार रखते हुए पुलिसिंग करने की बात कही । साथ ही यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी पुलिस कर्मी द्वारा अनुशासन हीनता व अवैध कार्यो में लिप्त होने की शिकायत मिली तो उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी । घूरपूर थाना प्रभारी एएसपी चिराग जैन,एसआई सुखेन्द्र मिश्र,गौरव सिंह सहित कई पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र प्रधान पचखरा लल्लू सिंह,प्रधान जसरा आशीष सोनकर,दारा सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

### डीडीओ के औचक निरीक्षण में मिली खांमियां, चेताया




**जसरा।** विकास खंड कार्यालय जसरा में जिला विकास अधिकारी प्रयागराज के औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर कर्मचारियों को चेतावनी दी। एवं रखरखाव व सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने के लिए कहा।गुरुवार की देर शाम जिला विकास अधिकारी प्रयागराज अशोक मौर्य खंड विकास कार्यालय जसरा पहुंचे। बीडीओ जसरा डॉ० सपना अवस्थी के साथ सभी एडीओ व ग्राम सचिवों की बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास के साथ ही ब्लॉक में संचालित सभी योजनाओं, मनरेगा आदि की समीक्षा की। जिसमें प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास की प्रगति पर चिन्ता जाहिर करते हुए 30जून तक पूर्ण करने के आदेश दिये। वहीं विकास खंड कार्यालय के कर्मचारियों को साफ सफाई व्यवस्था व रख रखाव किए जाने को लेकर चेतावनी भी दी। इस मौके पर एडीओ पंचायत श्यामलाल त्रिपाठी, एडीओ सी राकेश सिंह, एडीओआईएसबी वेद विज्ञान शुक्ल, राजीव कुमार मिश्र, अमरेश सिंह,जीतेंद्र गौड़,विनोद कुमार, नीतेश कुमार,सुनील कुमार सिंह, श्याम प्रजापति सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



### अग्निपथ योजना के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**कौंधियारा।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के दर्जनो गांव से आये कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय बारा पर इकट्ठा हुए। तहसीलदार बारा श्री गणेश सिंह को अग्निपथ योजना वापस लेने महामहिम के नाम सम्बोधित ज्ञापन वह इलाके के किसानों मजदूरों की समस्याओं का मांग पत्र सौंपा। जिसमें पशुओं द्वारा खेती की रक्षा,खेती की लागत के दाम घटाने ,मनरेगा मजदूरी 500 रूप रोज दो, किसानों मजदूरों के कर्जे माफ करो, 24जून 2019का सरकारी आदेश वापस लेकर बोट से खनन चालू करने ,पहाड़ी गांव में क्रैसर प्लांट रोकने आदि सवालो को हल करने की मांग की गयी। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव डा आशीष मित्तल पर 10जून अटाला बवाल मे दर्ज फर्जी केस वापस लेने की भी मांग की गयी हीरालाल महासचिव उत्तर प्रदेश, राम कैलाश कुशवाहा अध्यक्ष प्रयागराज, भीमलाल राजकुमार पथिक सचिव प्रयागराज बृजलाल, राजेश आदिवासी, मंजू देवी, आदि अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के सदस्य मौजूद रहे।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने मनाया राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस

**अखंड भारत संदेश**

## अग्निपथ योजना




**प्रयागराज।** पत्थर गिरजा, सिविल लाइंस, धरना स्थल पर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाया गया। विरोध दिवस मनाते हुए वक्ताओं ने कहा कि अग्निपथ योजना जवान विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी है। जब केंद्र सरकार ₹जय जवान- जय किसान₹ के नारे की भावना को तहस- नहस करने पर तुली है, ऐसे में किसानों का कर्तव्य है कि वह नौजवानों के साथ इस संघर्ष में कंधे से कंधा जोड़कर खड़ा हो। यह अग्निपथ योजना के देश के भविष्य के साथ धोखा है, यह न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा और बेरोजगार युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ है, बल्कि देश के किसान परिवारों के साथ भी धोखा है। इस देश का जवान वदीर्धारी किसान है। अधिकांश सैनिक किसान परिवार से ही हैं। सेना की नौकरी लाखों किसान परिवारों के मान -सम्मान और आर्थिक संबल से जुड़ी है। देश के लिए यह शर्म का विषय है की वन रैंक वन पेंशन के वादे के साथ पूर्व सैनिकों की रैली से अपना विजय अभियान शुरू करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब नो रैंक नो पेंशन की योजना को लाद रहे है। सेना में नियमित भर्ती में भारी कटौती उन किसान पुत्रों के साथ धोखा है, जिन्होंने बरसों से फौज में सेवा करने का सपना संजोया था। यह संयोग नहीं है कि इस योजना में ऑल इंडिया ऑल क्लास के नियम से भर्ती करने पर उन सभी इलाकों से भर्ती में सबसे ज्यादा कटौती होगी जहां किसान आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया था। किसान आंदोलन के हाथों अपनी पराजय से तिलमिलाई हुई इस सरकार का किसानों से बदला उतारने का एक और हथकंडा है। कार्यक्रम के अंत में अग्निपथ योजना वापस लेने सहित अन्य विभिन्न मांगो का ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति जी, भारत सरकार को सम्बोधित द्वारा एस पी सीटी प्रयागराज, मदन कुमार को सौंपा गया, विरोध दिवस मे भारतीय किसान यूनियन टिकैत अराजनैतिक, अखिल किसान किसान महासभा, अखिल भारतीय किसान सभा, जय किसान आंदोलन इत्यादि किसान संगठन से जुड़े किसान शामिल हुए, संयुक्त ट्रेड यूनियंस ने भी राष्ट्रीय स्तर पर विरोध दिवस का समर्थन किया है, विरोध दिवस में किसानों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-नौजवान और मजदूरों ने भी भागीदारी किया, विरोध दिवस में मुख्य रूप से डॉ कमल उसरी, संजय यादव, भूपेंद्र पाण्डेय, नसीम अंसारी, सुरेन्द्र पटेल, लाल चंद्र, अनुराग यादव, लालता प्रसाद, चमेला देवी, कलावती, पंचम लाल, सुनील मौर्य, अनिल वर्मा, शिधेस्वर मिश्रा, सुभाष चंद्र पाण्डेय,आंनद मालवीय, शीतला प्रसाद विश्वकर्मा, विनोद तिवारी, पृथ्वीपाल, अखिल विकल्प, विकास स्वरूप, समीर गांगूली, अश्वनी यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन टिकैत अराजनैतिक प्रयागराज मंडल अध्यक्ष सालिकराम यादव और संचालन जालंधर पटेल ने किया।

# एजुकेट गर्ल्स संस्था ने किया मोहल्ला बैठक

## शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वही दहाड़ेगा : सुनीता सिंह इंचार्ज प्रधानध्यापिक

**अखंड भारत संदेश**

### महिलाओं को शिक्षा के प्रति किया जागरूक



शिक्षा के प्रति महिलाओं को जागरूक करते अधिकारी

**सोरांव।** शुक्रवार को एजुकेट गर्ल्स संस्था प्रयागराज की तरफ से सराय भोगी,शिवगढ़ गांव में आंगनवाड़ी केंद्र पर एक मोहल्ला बैठक नाम की गोष्ठी किया गया। इस गोष्ठी में आए हुए लोगों ने गांव की महिलाओं संग एक बैठक की और 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को अभिभावक के माध्यम से स्कूल में भेजने की बात कहें। तथा इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवगढ़ प्रथम(कमपोजिट) के जिम्मेदार इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह ने गोष्ठी में मौजूद सभी महिलाओं को शिक्षा के बारे में जागरूक किए। और बताएं कि शिक्षा ज्ञान, उचित आचरण, तकनीकी दक्षता, विद्या आदि को प्राप्त करने की प्रक्रिया को कहते हैं। इस प्रकार यह कौशलों व्यापारों या व्यवसायों एवं मानसिक, नैतिक और सौन्दर्य विषयक के उत्कर्ष पर केंद्रित है। इतना ही नहीं शिक्षा, समाज को एक पीढ़ी द्वारा अपने से निचली पीढ़ी को अपने ज्ञान के हस्तांतरण का प्रयास है। इस विचार से शिक्षा एक संस्था के रूप में काम करती है, जो व्यक्ति विशेष को समाज से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा समाज की संस्कृति की निरंतरता को बनाए रखती है। बच्चा शिक्षा द्वारा समाज के आधारभूत नियमों, व्यवस्थाओं, समाज के प्रतिमानों एवं मूल्यों को सीखता है। बच्चा समाज से तभी जुड़ पाता है जब वह उस समाज विशेष के इतिहास से अभिमुख होता है।शिक्षा का नया सत्र 16 जून से शुरू हो गया है। और स्कूल खुल गए हैं। अपने- अपने बच्चों को सही शिक्षा दिलाने के लिए स्कूल में प्रवेश कराएं। इतना ही नहीं विद्यालय में प्रवेशित सभी छात्रों का निःशुल्क आधार कार्ड कैंप लगाकर मनाया जा रहा है। की बात कह कर सभी लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किए। तथा मौजूद सराय खातून उर्फ शिवगढ़ के ग्राम प्रधान संजय यादव ने भी शिक्षा के बारे में अच्छी जानकारी दिए तथा सभी छात्र छात्राओं को जिनकी उम्र 5 साल से 14 साल तक की है। सरकारी विद्यालय में प्रवेश कराने की बात कहें। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका इंदु मौर्या, अर्चना आनंद, व प्रबंध समिति के सदस्य शिव मूरत यादव, मंजू देवी, शांति देवी, शोभा देवी, सुमन देवी, अधिवक्ता राजेश कुमार, विक्रम यादव, शिव भोले मिश्रा, आंगनवाड़ी सहायिका किरण मिश्रा, राज गौतम, शिव प्रसाद गौतम, संग सैकड़ों लोग मौजूद रहे।






# मेधावियों को साइकिल एवं मेडल भेंटकर किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** विद्यार्थियों की प्रगति ही अध्यापकों का मूल लक्ष्य होता हैं और एक अध्यापक के जीवन मे विद्यार्थियों की सफलता से बढ़कर और कुछ हों ही नहीं सकता उक्त बातें गुरुवार कों क्षेत्र मे स्थित श्री सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज के प्रबंधक ए. पी. सिंह नें विद्यालय मे सर्वोपरि अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवम छात्राओं कों सम्मानित करने के दौरान बतौर मुख्य वक्ता के रूप मे बोल रहें थे।इस अवसर पर छात्र उपेंद्र सिंह निवासी भटौली 92.2फीसदी, ओमराज यादव निवासी ग्राम सभा गौरा 91.2फीसदी व राहुल यादव ग्राम सभा सनात का पूरा सेमरी 90.02%कों विद्यालय प्रबंधन के द्वारा साइकिल, अंगवस्त्रम एवम मेडल सहित तीन दर्जन से अधिक विद्यार्थियों कों अव्वल अंक पाने के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य एस. आर. सिंह नें विद्यार्थियों के मस्तक पर तिलक एवम मेडल पहनाकर सम्मानित किये। उक्त अवसर पर लिपिक दिलीप कुमार पटेल, प्रभारी बृजेश कुमार कुशवाहा, रमेश चन्द्र पाल, राकेश कुमार, रोहित सिंह,विजय पटेल, अंकित प्रताप सिंह,विजय जीत सिंह, कविता सिंह,हरिओम मिश्रा, सुभाष चन्द्र पाल,रघुराज सिंह, सुभाष चन्द्र पटेल,गंगा प्रसाद शर्मा,श्याम बाबू गुप्ता,रामेन्द्र शुक्ला,नागेश कुमार, आसमा नन्द पटेल,बसंत तिवारी सहित विद्यालय के अन्य अध्यापकों की मौजूदगी मे छात्रों कों सम्मानित किया गया।

# भाजपा ने गांवों में लगाई चौपाल, बताई गई सरकार की उपलब्धियां

**अखंड भारत संदेश**





चौपाल को संबोधित करती सांसद केसरी देवी पटेल तथा उपस्थित ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष।

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं द्वारा सहसों मंडल के तिवारीपुर गांव में ग्राम चौपाल लगाया गया। जिसमें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के रीति नीति एवं दिशा निदेर्शों पर चचाएं हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए आने वाले लोकसभा चुनाव में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने इस विषय पर चर्चा हुआ। और 2022 के हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम को देख कर जिन बूथों पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है या जिस पर लगातार हार मिल रही है ऐसे बूथ का ग्रेटिंग करते हुए सी श्रेणी में रखा है। ऐसे बूथों पर जाकर लोगों से संवाद करना, सरकार की योजनाओं के बारे में बताना, तथा बूथ स्तर पर हुई गलतियों को सुधारना एवं जमीनी कार्यकताओं को मजबूत बनाकर उस बूथ पर विजय हासिल करना है। चौपाल कार्यक्रम में चर्चा के दौरान बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा कि चाहे केन्द्र की मोदी सरकार हो या राज्य में योगी की सरकार हो दोनों डबल इंजन की सरकार मिलकर के सभी जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जो सीधे जनता के खाते में जा रही है। समाज के हर वर्ग के लोग किसी न किसी योजना से जुड़े हैं और उनका लाभ उनको मिल रहा है चाहे वह किसान सम्मान निधि हो, चाहे उज्जवला योजना हो, गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, गरीबों को मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान भारत कार्ड योजना एवं स्टार्टअप इंडिया जैसे कई योजनाओं के माध्यम से गरीबों का कल्याण एवं युवाओं को रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है। चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, फूलपुर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख सहसों गीता सिंह एवं प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव ने भी कार्यकताओं को संबोधित किए। संचालन महामंत्री पवन कुमार शुक्ल एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुंदन सिंह यादव, रमेश कुमार पटेल, भूपेंद्र मिश्रा, बजरंग बहादुर सिंह, राजधर द्विवेदी, जयप्रकाश द्विवेदी, ग्राम प्रधान बाल गोविंद तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू ,

# जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें : दिलीप यादव

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** भाजपा जंघई मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को पंडित शिवराज दुबे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंपापुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।बैठक को सं?बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला मंत्री भाजपा गंगापार दिलीप यादव ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और मोदी, योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें एवं बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें एवं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पुनः मोदी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु अभी से एकजुट होकर कार्य करें।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव ने कहा कि 2024 में हम सभी कार्यकताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है। क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। हम सभी को गर्व है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 8 वर्ष पूर्ण होने पर देश का मान सम्मान देश विदेश में बढ़ा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप गुप्ता तोगड़िया ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करें। कार्यसमिति बैठक को कृपाशंकर श्रीवास्तव, कैलाशचंद्र तिवारी, रमेश केसरवानी, मातासेवक तिवारी, अरुण दुबे, बाबा तिवारी, आशुतोष पांडेय, अखिलेश पांडेय, राजा मौर्य, शुभम शुक्ला, मनोज दुबे, बाबा शर्मा आदि ने संबोधित किया।इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह, जितेन्द्र पांडेय, डिंपल शुक्ला, राकेश चौहान, कुलदीप जायसवाल, सत्यम पटेल, उमाशंकर पटेल, रामधारी सरोज, माताशंकर शुक्ला, रामकुमार भारतीय, अरविंद पांडेय, दीनानाथ पांडेय, नीरज कुमार दुबे, गिरीजा शंकर, कौशल सिंह, अमित गुप्ता, विजय शंकर मौर्य, देवेन्द्र पटेल, मेहीलाल बिंद सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक के चाचा की रिवालबर हुई चोरी

**हनुमानगंज।** सराय इनायत के हनुमान गंज चौकी के निकट टप्पेबाजों ने हंडिया के पूर्व विधायक प्रशान्त सिंह के चाचा की गाड़ी में रखा बैग ले उठे जिसमे लाइसेंसी रिवालबर, लाइसेंस व नगदी भी था। विधायक के चाचा की रिवालबर चोरी होने की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुची पुलिस आसपास लगे सीसी टीवी को खगालने में जुट गई।

जुनेदपुर गांव निवासी पूर्व विधायक हंडिया प्रशान्त सिंह के चाचा व्यापारी हरिनारायण सिंह गुरुवार को अपनी इनोवा से कतवारूपुर गेट के सामने एक ट्रैक्टर एजेंसी जा रहे थे। हनुमानगंज बाजार में पहुचे थे तभी एक युवक ने इसारे से बताया कि गाड़ी का मोबिल गिर रहा है। ड्राइवर उतरा साथ में हरिनारायण सिंह भी उतर गए पीछे वाली सीट पर हैंडबैग में पचास हजार रुपये व रिवालबर, लाइसेंस के साथ अन्य जरुरी कागजात थे। शातिर निकल कर गायब हो गए। जब वह गाड़ी में वापस आये तो बैग गायब थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर थाना अध्यक्ष सुशील दुबे फोर्स के साथ पहुचे आस पास लगे सीसी टीवी खगालने के साथ दुकानदारों से पूछताछ की पर शातिरों का कोई सुराग नही मिला।

# यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में बम बनाने वाली गैंग गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में बम बनाने वाली गैंग को गिरफ्तार कर लिया है। गैंग ने प्रयागराज में एक ढाबे पर बमबाजी कर दहशत फैलाई थी। आरोपियों पर बमबाजी, लूट और डकैती करने के आरोप हैं। प्रयागराज पुलिस ने गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। हालांकि गैंग में कुल 8 सदस्य हैं। आरोपी लंबे समय से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हॉलैंड हॉल छात्रावास में रहकर बम बनाने का कारखाना चला रहे थे। आरोपियों के पास से एक स्विफ्ट कार पांच बम और एक तमंचा बरामद हुआ है। गैंग का सरगना विवेक यादव उर्फ बागी बलिया का रहने वाला है। ये गैंग लूट और छिनैती के साथ ही हत्या जैसी वारदात को अंजाम भी देते हैं। प्रयागराज समेत यूपी के कई जिलों



पुलिस के गिरफ्त में अपराधी

में इस गैंग के सदस्यों पर अपराधिक मुकदमे है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हॉलैंड हॉल छात्रावास के 3 अलग-अलग कमरों में अवैध तरीके से पांचों लोग रहते थे। यहीं पर बम बनाने के साथ ही अन्य अपराधिक घटनाओं के लिए प्लानिंग करते थे। यह लोग बम हॉस्टल के अंदर बनाया करते थे। साथ ही बम के मटेरियल अलग-अलग जगह से खरीदा करते थे। बीते 20 जून को सिविल लाइंस के एजी ऑफिस मार्ग पर एक ढाबे के बाहर भी इसी ने गिरोह ने बमबाजी कर दहशत फैलाई थी। पुलिस बमबाजी की घटना के बाद से तलाश में जुटी हुई थी।

### 4 साल बाद अधिवक्ता परिषद चुनाव की घोषणा

**हंडिया।** जनपद प्रयागराज के हंडिया तहसील परिसर में अधिवक्ता परिषद चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया । आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर गई है। अधिवक्ता परिषद चुनाव कार्यालय पर नामांकन के पहले दिन 44 पर्चों की बिक्री हुई और अध्यक्ष पद के लिए 4 लोगों ने नामांकन भी किया।

**6 जुलाई को बार एसोसिएशन का चुनाव :** हंडिया तहसील में बार एसोसिएशन के चुनाव का ऐलान हो चुका है और 6 जुलाई को बार एसोसिएशन का चुनाव होगा नामांकन के पहले दिन चुनाव कार्यालय से 44 पर्चो की बिक्री हुई और अध्यक्ष पद के लिए चार विद्वान अधिवक्ताओं ने नामांकन किया है।

**वरिष्ठ अधिवक्ता ने कह- प्रतिवर्ष चुनाव होना चाहिए :** अधिवक्ता परिषद चुनाव पर बात करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बार अध्यक्ष पद के लिए प्रतिवर्ष चुनाव होना चाहिए लेकिन वर्तमान अध्यक्ष की दबंगई के कारण पिछले 4 वर्षों से अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं हो सका था। अन्ततः अथक प्रयास के बाद बार चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ और 6 जुलाई को अधिवक्ता परिषद का चुनाव होगा। जिससे अधिवक्ता परिषद में काफी खुशी का माहौल है।

# विजय नगरम हॉल देखते रह गए फ्रांस के राजदूत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लिनीन ने शुक्रवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने ऐतिहासिक विजयनगरम हॉल का दौरा किया। विजयनगरम हॉल के आर्किटेक्चर को देखकर फ्रांस के राजदूत बोले वाओ दैट्स ग्रेट।

**फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल आएगा विश्व विद्यालय :** पहली बार विश्वविद्यालय का दौरा करने पहुंचे राजदूत इमैनुएल लिनीन के साथ कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने बैठक की। बैठक में उन्होंने छात्रों के आदान-प्रदान के कार्यक्रम की संभावनाओं पर चर्चा की और आने वाले समय में विदेशी छात्रों को भारतीय संस्कृति, इतिहास, कला और भाषाओं से परिचित कराने के लिए विशेष पाठ्यक्रम विकसित किए जाने पर भी विचार किया। राजदूत ने इस अवसर पर कहा कि एक



प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय और फ्रांस के उच्च शिक्षा केंद्रों के बीच सहयोग के अवसर तलाशने के लिए इलाहाबाद विश्व विद्यालय का दौरा करेगा। नई शिक्षा नीति के बारे में दी जानकारी : कुलपति ने उन्हें 2023 में नई शिक्षा नीति और उसमें आने वाले परिवर्तनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कुलपति ने विश्वविद्यालय में फ्रेंच भाषा सहित विभिन्न यूरोपीय भाषा पाठ्यक्रमों के बारे में भी बताया।राजदूत ने फ्रांस में विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के पाठ्यक्रमों व छात्रवृत्तियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर रजिस्ट्रार, डीन अनुसंधान एवं विकास प्रो. एसआई रिजवी, प्रॉक्टर और प्राचीन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हर्ष कुमार और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. जया कपूर उपस्थित थे।

# विडंबना : 165 साल पुराने विभाग में महिलाओं के लिए टॉयलेट नहीं !

**प्रयागराज।** आजादी से पहले 1857 में स्थापित राजकीय मुद्रणालय में अभी भी महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट नहीं है। यही कारण है कि बार-बार टॉयलेट बनवाने की मांग को लेकर महिला कर्मचारी आंदोलित होती रही हैं पर अभी भी उनकी मांगें पूरी नहीं हो सकी हैं। अब महिला कर्मचारियों ने अलग से टॉयलेट बनवाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

**कई अन्य संगठनों ने दिया समर्थन :** राजकीय मुद्रणालय की महिला कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में पिछले कई दिनों से धरना-प्रदर्शन चल रहा है। शुक्रवार को राजकीय मुद्रणालय के कर्मचारियों के समर्थन में कई और विभाग के कर्मचारी समर्थन में पहुंच गए। विकास भवन कर्मचारी महासंघ के नेता राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अधिकारी महिलाओं की छोटी-छोटी समस्याओं को नजर अंदाज कर रहे हैं। लग ही नहीं रहा है कि हम 21वीं सदी में जी रहे हैं। ना अधिकारी और ना ही राजनेता इस और ध्यान दे रहे हैं। महिलाओं के


धरने पर बैठे कर्मचारी

लिए एक अलग वॉशरूम की मांग कई दशकों से हो रही है, जिसे अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। महिलाओं के लिए अलग टॉयलेट उनका मूलभूत अधिकार है।

**समस्या न दूर हुई तो सभी विभागों के कर्मचारी देंगे धरना :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष राग बिराग ने कहा कि महिला कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। महिला कर्मचारी पुरुषों के टॉयलेट में जाने को मजबूर हैं। इससे कई बार उन्हें इन्फेक्शन हो जाता है। अगर महिला कर्मचारियों के लिए अलग टॉयलेट की व्यवस्था नहीं हुई तो सभी विभागों के कर्मचारी महिलाओं के साथ धरने पर बैठने को मजबूर होंगे, जिसका खामियाजा उन्हें आगे चलकर भुगतना ही होगा।

# सीडीओ व सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक कोरांव डॉ केबी सिंह को दिया प्रशस्ति पत्र

अखंड भारत संदेश

### कोविड-19 वैश्विक महामारी के संक्रमण को रोकने व टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की सराहना

**रत्योंरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज शिपू गिरी व मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डा नानक शरन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह को कोविड-19 वैश्विक महामारी के संक्रमण को रोकने एवं 15 से 17 आयु वर्ग के तथा 18 से अधिक आयु वर्ग के लोगों का शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य कराने एवं विशेष योगदान देने की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह के द्वारा पूर्ण मनोयोग एवं रुचि के साथ कोविड संक्रमण को फैलने से रोकने में कामयाबी प्राप्त की गई। जिसके लिए इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इसी प्रकार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नानक शरन ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण



कार्य में आपकी लोक स्वास्थ्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठा व समर्पण हेतु सम्मानित किया जाता है। उन्होंने प्रशंसा करते हुए बधाई दी। ज्ञातव्य हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कार्यक्रमों एवं अभियानों को ग्रामीण क्षेत्र से लेकर नगर क्षेत्र में सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य टीमों एवं वर्करों के साथ लगातार गांवो में बने रहते हैं। जिससे प्रत्येक अभियान कोरांव में अव्वल दर्जे पर रहता है। जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पत्र प्राप्त करने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में तैनात चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्सों ने अधीक्षक को बधाई दी है।

## न्यूज झरोखा

### जुमे पर शांति ड्रोन कैमरे से रखी गई नजर, फोर्स तैनात



**प्रयागराज।** जुमे की नमाज को लेकर अटाला और आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था रही। पीएसी और आरएएफ की भी तैनाती रही। पुलिस अधिकारियों ने जुमा की नमाज के बाद किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसको लेकर धर्मगुरुओं के साथ बैठक की थी। वहीं पुलिस टीमों के साथ जुटे संगठनों के लोगों, मुस्लिम तंजीमों, समाजसेवियों से कहा कि वह क्षेत्र में रहें और हर जानकारी को पुलिस प्रशासन के साथ शेयर करें। एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरे से भी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है, हालांकि स्थितियां पूरी तरह सामान्य हो चुकी है। वहीं डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि सुरक्षा के मद्देनजर अफसरों को तैनात किया गया। अटाला और आसपास की 90 प्रतिशत दुकानें खुलीं : 10 जून को हुए बवाल के बाद अब स्थितियां लगभग पूरी तरह से सामान्य हो चुकी है। सड़कों पर रौनक है तो वहीं हिंसा प्रभावित क्षेत्र करेली, रसूलपुर, नुरुल्लाह रोड के आसपास की लगभग 90 प्रतिशत दुकानें खुलने लगी है। जिससे लोगों की जिंदगी पटरी पर आने लगी है।

### आवारा पशुओं का सब्जी मंडी मेजा में आतंक

**मेजा रोड।** मेजारोड स्थित नवीन सब्जी मंडी स्थल में सूअर तथा आवारा मवेशी के चलते अढ़तिया दुकानदार परेशान है। ड्यूटी में तैनात होमगार्ड केवल खानापूर्ति कर रहे हैं जिसके चलते दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना



पड़ रहा है।नवीन सब्जी मंडी स्थल के दुकानदान ने बताया कि वह अपने सामानों को अपनी दुकान में जाली से ढक कर चले जाते हैं उनके जाने के बाद आवारा मवेशी तथा सूअर उनके सामानों को चट कर जा रहे हैं जिसके चलते उन्हें काफी नुकसान हो रहा मंडी स्थल में लगे होमगार्ड मनमानी कर रहे हैं।दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान में रखा कोहड़ा,तरबूज सहित अन्य सभी के सामानों को सुअर व आवारा मवेशी चट कर गए। जिसके चलते दुकानदार प्रेम सागर को लगभग 35000 के आसपास का नुकसान हुआ है। मंडी समिति में चारो तरफ बनी बाउंड्री टूटी पड़ी हुई है जिसके चलते सूअर तथा आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है और दुकानदारों को भारी नुकसान हो रहा है ।

### भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक सम्पन्न



**झूंसी।** भाजपा गंगापार के झूंसी मंडल की कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार को गौशाला विश्व हिंदू परिषद प्रांगण नई झूंसी में मंडल अध्यक्ष दिलीप निषाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला महामंत्री गंगापार मनोज कुमार निषाद व जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे ने मंडल द्वारा किये गए कार्यो और आगे किये जाने वाले कार्यो पर विस्तृत जानकारी दी ' बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री प्रभाकर दुबे ने किया। प्रमुख रूप से पवन कुमार पांडे सहसंयोजक शक्ति केंद्र झूसी कोहना, संजय यादव, रोहित निषाद, जय शुक्ला, मोहित केसरवानी, प्रदीप श्रीवास्तव, विश्वास पाण्डेय, प्रवेश पाण्डेय, सूरज पासी, पंकज ओझा, दीपक सिंह, तरुण मिश्रा, सुनीता उपाध्याय, रवि निषाद, वरुण गिरि, ज्ञानेंद्र शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला सहित मंडल के पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र अध्यक्ष एवं जिला व मोर्चा के समस्त पदाधिक उपस्थित रहे।

### नशीला पदार्थ व छह मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार



**नैनी।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एक शातिर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नशीला पदार्थ (गांजा) समेत चोरी के छह मोबाइल बरामद करते हुए चालान कर दिए।जानकारी के मुताबिक नैनी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार को जरिए मुखबिर से शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि एक शातिर नैनी कोतवाली क्षेत्र के शंकर ढाल के समीप मौजूद हैं। सटीक सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर ने चौकी प्रभारी उमाशंकर व कांस्टेबल राहुल कुमार और रोहित कुमार को उक्त स्थान पर भेजे। गठित पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी चक भटाही निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय रोशन सिंह है और उसके कब्जे से डेढ़ किलो नशीला पदार्थ (गांजा) व चोरी के 6 मोबाइल बरामद होने पर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिए।

# दबंगई को लेकर खाद्य आपूर्ति इंस्पेक्टर के खिलाफ कोटेदार हुए लामबंद

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर की दबंगई को लेकर मेजा के तीनों ब्लॉक के कोटेदारों में रोष व्याप्त है। कोटेदारों ने सप्लाई इस्पेक्टर पर अशोभनीय आचरण व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को मेजा कोटेदार संघ के बैनर तले मेजारोड स्थित श्यामकली इंटर कॉलेज में कोटेदारों ने बैठककर सप्लाई इंस्पेक्टर दिनेश कुमार पर लालफीताशाही व दबंगई का आरोप लगाया। बैठक में उरुवा, मेजा, मांडा, विकासखंड के सैकड़ों कोटेदारों मौजूद रहे। कोटेदारों का आरोप है कि सप्लाई इंस्पेक्टर अवैध वसूली करने के चक्कर में कोटेदारों को अनावश्यक परेशान करते रहते हैं


प्रदर्शन करते कई ब्लॉकों के कोटेदार

जो कोटेदार गलत कार्य नहीं करना चाहते उन्हें जाति सूचक शब्दों से नवाजा जाता है सप्लाई इंस्पेक्टर के खिलाफ मेजा के कोटेदारों में आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बनाया है। वही इस विषय पर जब सप्लाई इंस्पेक्टर से फोन के माध्यम से वार्ता करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा। फिलहाल कोटेदार तथा सप्लाई इंस्पेक्टर की आर पार की लड़ाई में प्रशासन क्या कदम उठाता है यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा।

### बाइक सवार बदमाशों ने बैंक मित्र को चाकू मारकर तीन लाख रुपये लूटे

**प्रयागराज।** शुक्रवार शाम बैंक से घर वापस लौट रहे बैंक मित्र को चाकू मारकर घायल करने के बाद बदमाश करीब तीन लाख रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। थाना क्षेत्र के सराय बाहर उर्फ बृसिंहपुर गांव के रहने वाले हरी प्रताप पटेल पुत्र स्व.रामफल शिवगढ़ चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में बीसी बैंक मित्र है।वह रोजाना की तरह बैंक से काम निपटाने के पश्चात शुक्रवार को भी शाम करीब 6:30 बजे मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहा था। उसरही गांव के निकट प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास से गुजरने वाली नहर की पटरी से घर की तरफ जा रहा था।घर पहुंचने के पहले ही करीब आधा किलोमीटर पहले नहर पर पहले से घात लगाए बैठे अपाचे सवार बदमाशों ने बैंक मित्र हरि प्रताप सिंह को रोक लिया और बैग छीनने लगे। विरोध पर बदमाशों ने हरिप्रताप सिंह ने पहले तमंचा हटाया फिर चाकू से हाथ तथा पीठ पर वार कर लहूलुहान करने के बाद तीन लाख पन्द्रह हजार रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

# अटाला प्रकरण आरोपित जावेद मोहम्मद उर्फ पंप दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** दो सप्ताह पूर्व शुक्रवार की नमाज के बाद हुए पथराव और अधिकारियों को घायल करने व अन्य के आरोप में गिरफ्तार मुख्य आरोपित जावेद पंप को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो दिन की पुलिस हिरासत में सौंपने का आदेश दिया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार ने पुलिस के प्रार्थना पत्र पर अभियोजन अधिकारी किसलय पांडेय, अविनाश सिंह के तर्कों को सुनकर पुलिस द्वारा पेश किए गए कागजातों का अवलोकन करने के बाद पुलिस हिरासत में सौंपने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि पुलिस द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाने के योग्य है।आरोपित को दो दिन की पुलिस हिरासत में सौंपने का आदेश दिया जाता है मगर शर्त यह जोड़ दी कि इसके साथ किसी भी प्रकार का थर्ड डिग्री कार्यवाही नहीं की जाएगी जेल से निकालने के बाद और जेल में दाखिला करने के पूर्व दोनों ही वक्त इसका मेडिकल परीक्षण अवश्य कराया जाएगा। पुलिस द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि मामले की विवेचना चल रही है। अभी और साक्ष्य एकत्र किए जाने हैं। इसे एकत्र करने में आरोपित की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे तमाम पूछताछ किया जाना है एवं तमाम साक्ष्य एकत्रित करने हैं, वह सिर्फ यह आरोपित ही बरामद करा सकता है। इसलिए उसे पुलिस की हिरासत में सौंपा जाए।उधर, पुलिस की टीम जावेद पंप को कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए देवरिया जेल के लिए रवाना हो गई है। कल सुबह उसे कस्टडी रिमांड पर लेकर कड़ी सुरक्षा में प्रयागराज लाया जाएगा और उससे दो दिनों तक पूछताछ की जाएगी। जोवद पंप की कस्टडी रिमांड शनिवार की सुबह छह बजे से शुरू होगी।

### युवती के साथ बदतमीजी करने लगे विरोध पर मारा पीटा दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली बात पर हुए विवाद के दौरान युवती के साथ छेडखानी और अश्लीलता की गई। विरोध पर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। युवती के भाई ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी बहन से मामूली कहासुनी पर पड़ोसियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें किया। विरोध पर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। युवती के भाई ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर संदीप कुमार यादव ,अरुण कुमार यादव उर्फ कान्ते के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों के धड़पकड़ में लग गई है।

# आपूर्ति निरीक्षक के विरुद्ध प्रधानों का आक्रोश

## कोटेदारों से सांठ गांठ कर आरोपी कोटेदारों को बचाने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कई उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध भ्रष्ट्राचार गबन अनियमितताओं कालाबाजारी,वाहनों से मह सामग्रियां खाद्यान्न सहित पकड़ाए जाने पर भी रिश्वत ले कर क्लीन चिट देने वाले।आपूर्ति निरीक्षक कोरांव के खिलाफ ग्राम प्रधान संगठन ने नाराजगी जताई है और भ्रष्ट आपूर्ति इंस्पेक्टर को तत्काल हटाए जाने और उसकी जांच कार्यवाही की मांग की है,जिससे गरीबों को समुचित रूप से स्म्यांतर्गत खाद्यान्न मिल सके और सरकार की मंशा अनुरूप क्रियान्वयन हो सके। चर्चा है कि जब से कोरांव के आपूर्ति निरीक्षक संजय विश्वकर्मा नियुक्त हुए हैं तब से भ्रष्ट कोटेदारों को बढ़ावा देते रहे हैं। सैकड़ों उचित दर विक्रेताओं से एक दो कोटेदारों के सौजन्य से हर माह सुविधा धूल्क लिया जाता है जो आपूर्ति इंस्पेक्टर को भेंट चढ़ाई जाती है। जिससे उचितदर विक्रेताओं के हौंसले बुलंद हैं। ग्राम प्रधानों का आरोप है कि कई कोटेदार ऐसे हैं जो कार्ड धारकों से फिंगर लगवा कर खाद्यान्न नहीं देते और अगले बार खाद्यान उठाए जाने पर वितरण की बात करते हैं। शिकायत पर उक्त इंस्पेक्टर द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता। क्योंकि हर माह माहवारी मिलती है। ग्राम अल्हवा में कोटेदार का काला बाजारी हेतु वाहन से गत माह खाद्यान्न ग्रामीणों ने पकड़ा था। किंतु श्रम इंस्पेक्टर ने लंबी रकम ले कर तत्कालीन एसडीएम को पटा कर जांच में बचा दिया। इतना तक की सरकारी किसी भी बैठक या ग्राम पंचायत खुली बैठक में भाग न लेने वाले एमडीएम खाद्यान्न में भी अनियमितता बरतने जैसी गंभीर शिकायतों पर खंड विकास अधिकारी शतक विकास अधिकारी पंचायत कोरांव जैसे अधिकारियों द्वारा एसडीएम से ले कर जिले के आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को कोटेदार की व्याप्त मनमानी और अनियमितताओं की जांच के बाद रिपोर्ट किए जाने के बावजूद आपूर्ति विभाग कोराव द्वारा कार्यवाही न करके कोटेदार को क्लीन चिट दिए जाने की निंदा की है। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने मुख्य मंत्री और खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव डीएम कमिस्नर डीएसओ तक प्रेषित ग्राम पंचायत द्वारा पत्र व्यवहार के बावजूद कोटेदार अल्हवा को निलंबित न किए जाने की शिकायत की है। आरोप ही की आपूर्ति इंस्पेक्टर कोरांव ने सिर्फ एक ही रास्ता कोटेदार को बचाने का निकाला है कि प्रधान और कोटेदार में रंजिश है। यही रिपोर्ट लगा कर रकम ऐंठ कर बचाया जाता है।

ग्राम प्रधान अल्हवा ने सासन से कोरांव के आपूर्ति निरीक्षक की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इसी तरह दर्जनों ग्राम प्रधानों ने उक्त आपूर्ति निरीक्षक पर भ्रष्ट कोटेदारों को बचाने उन्हे मनमानी छूट दिए जाने तथा ग्राम प्रधानों की जनहित में की गई शिकायतों पर ध्यान न दिए जाने शिकायतों उपरांत बैठे बैठे रकम ऐंठ कर आरोपी कोटेदारों को बचाने का आरोप लगाया है। और तत्काल भ्रष्ट आपूर्ति अधिकारी कोरांव को अन्यत्र हटाए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। ग्राम प्रधानों ने यह भी चेताया है कि यदि उक्त आपूर्ति इंस्पेक्टर को कोरांव से न हटाया गया तो आंदोलन और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन के लिए बाध्य होना परेगा।

# इंटरसिटी ट्रेन ले जा रहे लोको पायलट की ड्यूटी के दौरान हुई मौत

## रेलवे विभाग में मचा हड़कंप, लोको पायलटों को नहीं दिया जा रहा रेस्ट, तनाव में चला रहे ट्रेन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन के लोको पायलेट की अचानक तवियत खराब होने से मौत हो गई। लोको पायलेट गिरीश चंद्र शर्मा प्रतापगढ़ से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन लेकर जा रहा था। जैसे ही यह ट्रेन कासिमपुर हाल्ट के पास पहुंची, उनकी तबियत खराब होने लगी। उन्हें नजदीक के एक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे रेल विभाग में हड़कंप मच गया। इंटरसिटी ट्रेन लगभग एक घंटे तक वहां रुकी रही।

शुक्रवार को लोको पायलट गिरीश चंद्र शर्मा की मौत ने लोगों को डरा दिया है। लोग इसे तनाव



लोको पायलट गिरीश चंद्र शर्मा (फाइल फोटो)।

से ग्रसित होकर ड्यूटी करने से जोड़ कर देख रहे हैं। बता दें कि बिना रेस्ट, लगातार ड्यूटी करने का असर ट्रेन लोको पायलटों की सेहत पर पड़ रहा है। वे अनिद्रा, तनाव, शुगर और बीपी जैसी खतरनाक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। प्रतापगढ़ में रेस्ट की मांग को लेकर पायलटों ने कई बार विरोध प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों के हक की बात करने वाले यूनियन के नेताओं तक अपनी बात पहुंचाई मगर अफसोस उनकी आवाज अब तक नक्कारखाने में तूती साबित हुई हैं। लगातार ड्यूटी लेने के बाद भी पायलटों को रेस्ट नहीं दिया जा रहा है। जबकि महीने में चार तीस घंटे रेस्ट का रेलवे बोर्ड का नियम है। मगर ऐसा हो नहीं रहा है। रेस्ट न मिलने और अधिक काम के बोझ की वजह से लोको पायलट तमाम तरह की मानसिक और शारीरिक बीमारियों से जूझ रहे हैं। यही हाल दूसरे कैटेगरी के कर्मचारियों का भी है। प्रतापगढ़ की बात की जाय तो काफी संख्या में लोको पायलट इस तरह की बीमारियों से घिरे हुए हैं। वे इसका दोष अधिकारी और उनके उल्टे सीधे नियमों को देते हैं। कहते हैं की दबाव में कर्मचारी कैसे काम करेगा। तनाव की वजह से अगर उससे कोई चूक हो होती है। इसका जिम्मेदार कर्मचारी को ठहराया जाता है। उसे सजा मिलती है। गिरीश की मौत के बाद कर्मचारी अब कहना शुरू कर दिए हैं कि अधिकारी उनकी सुनते नहीं हैं। रेलवे बोर्ड के नियम को ताक पर रख कर तानाशाही रवैया से काम ले रहें हैं। बता दें कि ड्यूटी के दौरान पायलट की मौत का प्रतापगढ़ में यह पहला मामला है। इससे ड्राइवरों में भय व्याप्त हो गया है।

### काम के दबाव को झेल रहे पायलटः संजय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीनियर लोको पायलट और लोको पायलट एसोसिएशन प्रतापगढ़ के अध्यक्ष संजय पांडेय इस बात से इत्तेफाक रखते हैं। उनका आरोप है कि पायलटों से लगातर ड्यूटी ली जा रही है। रेस्ट न मिलने से बीमार हो रहें हैं। अधिकारी काम का दबाव बनाते हैं। ड्यूटी लिंक से छेड़छाड़ कर दी गई है। इसको लेकर कई बार विरोध प्रदर्शन भी हुआ। यूनियनों को भी इस समस्या के बारे में बताया गया है। कुछ हो नहीं रहा है। उधर लोको पायलट और मेंस यूनियन के शाखा मंत्री अनिल शुक्ला का कहना है कि गिरीश की मौत का सभी को दुःख है। कहा पायलटों को मिलने वाले रेस्ट और ट्रेन ड्यूटी लिंक को लेकर यूनियन ने 15 जून को डीआरएम से लखनऊ में मीटिंग की है। जल्द ही समस्या का निदान हो जायेगा।

# सर्प दंश से दुकानदार की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के जुगइ का पुरवा गाव के नहरपुल पर किराना की दुकान खोल रखे दुकानदार अनन्तराम पुत्र मथुरा पटेल (45) वर्षीय शुक्रवार की सुबह कच्ची मिट्टी की दुकान की दीवार की दराज में झिल्ली निकालते समय दराज के अंदर छिपे बैठे जहरीले सर्प के काटने से अचेत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन लोग आनन फानन में झाड़ फूंक कराने के लिये भवानीगंज ले जा रहे थे कि रास्ते मे मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के मोहिमीदपुर से कुलदीप मुशहर उर्फ बच्चा पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी चंदलियापुर सहिजनी मानिकपुर के पास तलाशी के दौरान अवैध रूप से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व तीन अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया जिसकी लिखा पढ़ी करके आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय भेजा। अभियुक्त के खिलाफ मानिकपुर व कुंडा में विभिन्न धाराओं में 9 मुकदमे दर्ज हैं।

# जीवन में खेल को महत्व देकर बनें प्रतिभागीः अनवर

## खिलाड़ियों ने मनाया विश्व ओलंपिक दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व ओलंपिक दिवस को अनवर हॉकी सोसाइटी प्रतापगढ़ के सभी सम्मानित सदस्यों और खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और जोश से मनाया। इस अवसर पर सोसाइटी के खिलाड़ियों के बीच विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चे और बच्चियों ने प्रतिभाग किया और अपनी खेल कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के समापन पर सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण और जलपान की व्यवस्था सोसाइटी के



विश्व ओलंपिक दिवस पर मौजूद अनवर हाकी सोसाइटी के सदस्य व खिलाड़ीगण

सम्मानित सदस्यो ने किया। इस अवसर पर अनवर हॉकी सोसाइटी के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर खान ने बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों को ओलंपिक में भाग लिए हुए पूर्व खिलाड़ियों के जीवन का अध्ययन करना चाहिए कि उन्होंने किस प्रकार अपने जीवन मे खेल को महत्व दिया और कितनी कठिन प्रतिस्पर्धा को पार कर ओलंपिक जैसे सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगिता के प्रतिभागी बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग और सपा के नगर अध्यक्ष इरशाद रहे। इस अवसर पर सोसाइटी के वरिष्ठ कोच खुर्शीद अली और जसीम अहमद ने सभी सदस्यो और अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अमजद खान ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के सभी सम्मामित सदस्यों की उपस्थिति रही।

### पांडे जी के बताए रास्ते पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलिः शकुंतला

**प्रतापगढ़।** जनपद के भूतपूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी स्वर्गीय अशोक कुमार पांडे की छठी पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शकुंतला पांडे पूर्व प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में पलटन बाजार में संपन्न हुआ। इसके पूर्व परिवारी जनों द्वारा राहगीरों को शरबत पिलाया गया। स्वर्गीय पांडे जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करने के पश्चात आनंद कुमार पांडे एडवोकेट ने कहा कि आप दयालुता करुणा के स्वरूप थे। विश्वम प्रकाश पाण्डेय सचिव सर्वोदय सद्भावना संस्थान ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आपकी कथनी और करनी में अंतर नहीं था। अध्यक्षता कर रही श्रीमती शकुंतला पांडेय ने कहा कि उनकी कमी हमें सदैव खलती रहेगी किंतु उनके बताए सिद्धांतों और वसूलों पर चलकर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद पांडे रमेश प्रताप सिंह वीरज पांडे विभूति पांडे डॉक्टर सुचिता पांडे आस्था पांडे अनमोल पांडे राम नरेश पांडे रामकृष्ण रामानुज दास डॉ गौरव पांडे डॉक्टर सौरभ पांडे आदि मौजूद रहे।

# मां ज्वाला देवी धाम का पांच दिवसीय शीतला सप्तमी मेला संपन्न

## दर्शन पूजन कर माता के दरबार में टेका माथा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** धार्मिक नगरी मानिकपुर स्थित सिद्धपीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम का आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष की पांच दिवसीय पौराणिक व ऐतिहासिक शीतला सप्तमी मेला सकुशल संपन्न हुआ। मेला संपन्न होने पर मंदिर ट्रस्ट के पदेन उपाध्यक्ष व उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी, मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव व मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से आदि शक्ति मां जगदंबा ज्वाला देवी का दर्शन पूजन कर माता के दरबार में माथा टेका।

पूजन का कार्यक्रम पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ला ने कराया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी सतीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि धार्मिक मेले में दूर-दूर से श्रद्धालु भक्तगण माता के दर्शन पूजन करने के लिए आते



शीतला सप्तमी मेला के दौरान मौजूद अतिथिगण।

हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का सौभाग्य है, कि माताजी जिसे बुलाती है, उसे ही प्रशासनिक कार्य करते हुए मां की सेवा का अवसर प्राप्त होता है। हम लोग सौभाग्यशाली हैं, कि मां की तथा मां के भक्तों की सेवा का अवसर मिला है। मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने समारोह का संचालन करते हुए कहा कि माता रानी का इतना बड़ा धार्मिक मेला दैवी शक्तियों के कृपा दृष्टि से ही निर्विघ्न रूप से संपन्न हुआ। जहां पर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना तक नहीं है। यह प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने मेला सकुशल संपन्न होने पर जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन, मानिकपुर नगर प्रशासन, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यगण, तीर्थ पुरोहित संघ तथा मेले से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों समेत मानिकपुर नगर वासियों के प्रति सहयोग के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पांडे, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष पंडित प्रेम नाथ दीक्षित, मंदिर ट्रस्ट कमेटी सदस्य त्रिभुवन नाथ यादव, फूलचंद यादव, रजज्न लाल यादव, अजय कुमार मिश्रा, राकेश कुमार धुरिया, शहबाज खान, मनमोहन, रमेश मोदनवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण व नगरवासी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सिटी प्रतापगढ़ में लगा स्वास्थ्य कैम्प

## 14 संदिग्ध टीबी के मरीजों का लिया गया सैम्पल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी में टी0बी0 स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आये हुये जनमानस को टीबी रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी देते हुये जागरूक किया गया और 2025 तक प्रधानमंत्री द्वारा भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

टी0बी0 के मरीजों की सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जांच एवं उपचार निःशुल्क है। सरकार द्वारा मरीजों को अच्छे पोषण एवं खानपान के लिये निःक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत 500 रुपए प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में दिया जाता है। टी0बी0



टी0बी0 जागरूकता कार्यक्रम सम्बन्धी में मौजूद अधिकारीगण।

स्वास्थ्य कैम्प में आये हुये 14 संदिग्ध टीबी के मरीजों की बलगम जांच हेतु स्पूटम कप दिया गया। जिनकी बलगम की जांच उपरान्त धनात्मक होने पर इलाज प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 सी0पी0 शर्मा द्वारा बताया गया कि आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद के सभी ब्लाक में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। टीबी सुपरवाइजर द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जहां जिस क्षेत्र में 04 से अधिक टीबी के मरीज है वहां पर कैम्प का आयोजन कर घर के सभी सदस्यों की जांच कराकर एवं टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। टीबी के मरीजों को उपचार के दौरान दवा न छोड़ने की सलाह दी गयी एवं अधूरे उपचार से ड्रग रजिस्टेंट (एमडीआर) टीबी होने का खतरा बढ़ जाता है। टीबी स्वास्थ्य एवं जन जागरूकता कार्यक्रम में डा0 लवकुश सरोज, अशोक कुमार सीएचओ, उर्मिला एएनएम, हेमन्त शुक्ला डीपीसी, पीपीएम समन्वयक रामेन्द्र तिवारी, टीबी सुपरवाइजर रूपेश गुप्ता, आदिल रशीद अंसारी, अजीत सिंह, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों की सूची की गई चस्पा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी डूडा जितेन्द्र पाल ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिये आवास शहरी के अन्तर्गत लाभार्थी व्यक्तिगत आवास निर्माण के अन्तर्गत नगर पंचायत कोहड़ौर एवं पृथ्वीगंज की स्वीकृत डी0पी0आर0 में जो लाभार्थी पात्र/अपात्र पाये गये है उन लाभार्थियों की सूची 24 जून से 01 जुलाई तक सम्बन्धित नगर पंचायत में चस्पा/उपलब्ध रहेगी। निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आपत्ति नही ली जायेगी। अगर किसी भी लाभार्थी को अपात्रता में कोई आपत्ति है तो अपना प्रतिवेदन सम्बन्धित नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के पास जमा कर सकता है।

# जिले के दो युवकों का संदिग्ध दशा में हैदरगंज में शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका, परिजनों में कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अयोध्या जिले के हैदरगंज क्षेत्र में शुक्रवार सुबह जिले की लालगंज कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज निवासी दो युवकों का संदिग्ध दशा में शव मिलने से हड़कंप मच गया। हैदरगंज पुलिस से घटना की सूचना फोन पर मृतकों के परिवारवालों को मिलते ही कोहराम मच गया। आनन फानन में परिवार के लोग घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। दोनो युवकों की हत्या की आशंका जताई जा रही है। लालगंज कोतवाली के साहबगंज बाजार निवासी मनोज कुमार 23 पुत्र भगवान दास अपने मित्र रविकांत पुत्र राम कृष्ण मोदनवाल के साथ बाइक से बीते गुरुवार को सुबह करीब दस बजे अयोध्या जिले के हैदरगंज बाजार निवासी अपने एक रिश्तेदार के यहां तथा रास्ते में सुल्तानपुर के पयागीपुर में मिठाई की दुकान के लिए काउंटर बनवाने का आर्डर देने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन शुक्रवार की सुबह दोनो का शव संदिग्ध दशा में अयोध्या जिले के हैदरगंज बाजार के समीप सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा पाया गया। शुक्रवार सुबह हैदरगंज पुलिस ने फोन पर इसकी जानकारी परिजनों को दी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिवार के लोग अयोध्या के लिए रवाना हो गए। मृतक मनोज दो भाई व एक बहन में छोटा था। वह पिता के साहबगंज स्थित मिठाई की दुकान पर उनका हाथ बंटाता था। जबकि रविकांत दो भाइयों में छोटा था। वह एमए का छात्र था। घटना से परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। इस बाबत कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि घटना की जानकारी होने पर लालगंज से भी पुलिस टीम मौके पर हैदरगंज भेजी गई है। पुलिस टीम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर सच्चाई सामने आ सकेगी।

# सीएचसी बेलखरनाथ का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

## गंदी चादर देखकर बिफरे सीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को प्रतापगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम का औचक निरीक्षण किया उनके आने की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य कर्मी आनन-फानन में खुद को दुरुस्त करते हुए नजर आए।

पट्टी तहसील क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम में सुबह 9 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविंद कुमार ने औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य संबंधित व कोविड-19 को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। फामेर्सी में गंदा चादर रखा रहने को लेकर ट्रेनी फार्मासिस्ट को जमकर फटकार लगाई। साफ-सफाई को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। अवनी परिधि के तहत तैनात आधा दर्जन कर्मचारियों का 9 महीने से वेतन न मिलने पर भुखमरी की कगार पर खड़े हैं। इस दौरान कर्मचारियों ने सीएमओ के समक्ष अपनी बात रखी। कर्मचारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वेतन दिलाए जाने की मांग पर चिकित्सा अधिकारी कन्नी काट गए। ओपीडी रजिस्टर उपस्थित पंजिका का निरीक्षण किया तथा मरीजों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसके लिए भी कर्मचारियों और डॉक्टरों को हिदायत दिया। मौजूद कर्मचारियों से उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की शिकायत अगर मिली तो किसी भी डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान अधीक्षक डॉक्टर आरिफ हुसैन ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक लोकेश श्रीवास्तव ,डॉक्टर इरफान अली ,डॉ अभिजीत सिंह ,ज्ञान प्रकाश, बीके सिंह, अनिल कुमार, फामेर्सी सोमेश्वर गुप्ता धीरज सिंह सहित तमाम डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# भयहरणनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था होगी दुरुस्त

## महासचिव व चौकी प्रभारी ने बैठक कर बनाई रणनीती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरण नाथ धाम मे मंगलवार को आयोजित मेले में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने तथा चोर उच्चको पर प्रभावी कार्यवाही हेतु जेठवारा पुलिस ने अपनी रणनीती बना ली है। धाम के महासचिव समाज शेखर व चैकी प्रभारी राकेश सिंह भदौरिया ने सन्युक्त बैठक कर सभी आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा करके रणनीति तय की गई है।

धाम में साईकिल मोटर, साईकिल स्टेण्ड अगले मंगलवार से शुरू करने के निर्देश स्वच्छता प्रभारी को दिया गया। गत मंगलवार मेलों मे चोरी की घटनायें प्रकाश मे आई है जिसके मद्देनजर प्रबंध समिति की ओर से माहासचिव समाज शेखर व चैकी प्रभारी की बैठक आयोजित हुई। बैठक मे तय हुआ की मंगलवार मेले व अन्य पर्वो व मेलों में धाम परिसर मे सायकिल व मोटर सायकिल लेकर भ्रमण करने पर रोक रहेगी।

सभी स्टेन्ड में ही अपने वाहन खडा करें। सावन मेले को लेकर प्रारम्भिक चर्चा व रणनीति बनी। अगले सप्ताह प्रबंध समिति व पुलिस की संयुक्त बैठक करके



चौकी प्रभारी के साथ बैठक करते महासचिव समाज शेखर।

सावन मास के समस्त कार्यक्रमों व आयोजनों को सुव्यवस्थित व अंतिम रुप दिया जायेगा। चैकी प्रभारी राकेश सिंह भदौरिया ने कहा कि धाम में गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी। धाम में अवैध्य कार्य व चोरी करने वालों को चिन्हित कर समुचित कार्यवाही होगी। माहासचिव समाज शेखर ने कहा कि स्थानीय कार्यकताओं की मदद से धाम को सुन्दर, अपराध मुक्त बनायें रखा जायेगा। असमाजिक तत्वों के खिलाफ समुचित अंकुश लगाया जायेगा।

### आरोपी नहीं होने दे रहे है जलनिकासी घर जमीदोज होने का खतरा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घर के बगल बनी हुई नाली से विपक्षी पानी निकलने नहीं दे रहे हैं जिससे पीड़ित महिला का घर जमींदोज होने का खतरा बना हुआ है। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के चैमरी गांव की रहने वाली साबिरा पत्नी अमजद शेख ने बताया कि उसके घर के समीप नाली के पानी को आरोपियों ने रोक लिया है। पानी न निकलने के कारण उसका घर जमींदोज होने का खतरा बढ़ गया है। जल निकासी की बात करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने इस संबंध में षिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# पट्टी से चांदा हाईवे खस्ताहाल, टूटी सड़क से हो रहे हादसे

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी चांदा मुख्य मार्ग कई जगह खराब होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीच-बीच मे सड़क के टूटने के कारण कई बार हादसा भी चुका है। पट्टी नगर से एक हाईवे चांदा बाजार जाती है जो सुल्तानपुर जनपद को जोड़ती है। लगभग 19 किलोमीटर की दूरी में बनी यह सड़क कई जगह टूट चुकी है।

पट्टी से निकलने पर अमापुर मोड़ के समीप कई जगह गड्ढे हो जाने से राहगीर अक्सर संतुलन खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं तो वही नारंगपुर बाजार से पहले बनी हुई पुलिया के ठीक पहले सड़क लगभग 300 मीटर दूर तक पूरी तरह खस्ताहाल हो चुकी है जहां पर हादसों में आधा दर्जन लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। सैफाबाद बाजार के समीप सड़क इस तरह खराब है कि वहां पर सड़क से गिट्टियां बाहर निकल आई है जहां पर चलने के लिए राहगीर मजबूर है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चोरी की बाइक के साथ पट्टी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पट्टी कोतवाली में तैनात पृथ्वी गंज चैकी इंचार्ज पुरुषोत्तम विश्वकर्मा ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सलाहपुर बहुता मोड जगदीशपुर गांव के समीप संदिग्ध दशा में तीन लोगों को देखा तो तीनों भागने लगे पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग करके उन्हें पकड़ा तो तीनों बताया कि एक चोरी की मोटरसाइकिल के छुपाने के लिए वा भाग रहे थे। पुलिस ने कर्रा किया तो अपना नाम कुलदीप पाल पुत्र जगत नारायण पाल निवासी रसूलहा, मनोज यादव पुत्र अमरनाथ यादव रामपुर खागल सतीश प्रजापति पुत्र रामशरण प्रजापति निवासी रामपुर खागल बताया पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है।

## खबर संक्षेप

### 28 जून को भाकियू करेगा एसडीएम चायल का घेराव

**कौशाम्बी।** जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि चायल उपजिलाधिकारी और बिकास खण्ड अधिकारी नेवादा द्वारा दबंगो के खिलाफ कोई कार्यवाही न कर किसानों के भावनाओ को ठेस पहुँचाया है और अपराध को बढ़ावा दे रहे है जिससे गुस्साए किसान 28 जून को चायल एस डी एम का घेराव करेंगे और जब तक न्याय नही मिल जाता तब तक किसान बैठे रहेंगे जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने बताया कि दिनांक 13 जून को ज्ञापन के माध्यम से उपजिलाधिकारी चायल और विकास खण्ड अधिकारी नेवादा को ग्राम बल्हेपुर में दबंग द्वारा सरकारी हैंड पंप में मोटर डाल कब्जा कर कब्जे की शिकायत की गई थी कार्य न होने पर कई बार बात चीत हुई लेकिन अभी तक जिम्मेदारो ने कोई कार्यवाही नही किया भारतीय किसान यूनियन किसानों की हक की लड़ाई और न्याय दिलाने के लिए सदैव आगे है और आगे रहेगी।इसी लिए दिनांक 28 जून को भारतीय किसान यूनियन(भानु) संगठन चायल एसडीएम का घेराव कर अनिशिचत कालीन धरने पर बैठेगी।

# जन सेवा केन्द्र संचालकों के साथ ई-केवाईसी की गई समीक्षा बैठक

**प्रति दिन 200 से कम ई-केवाईसी पर केन्द्र को किया जाए निरस्त, 1200 संचालाकों में 81 संचालक ही उपस्थित पाये जाने पर अधिकारी ने व्यप्त किया गहरा रोष**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मियों एवं जन सेवा केन्द्र संचालकों के साथ ई-केवाईसी की समीक्षा बैठक आहूत की गयी समीक्षा बैठक में जनपद के जन सेवा केन्द्र के संचालकों एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मियों व प्रबन्धक सीएससी एवं जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे बैठक में उपस्थित कर्मियों एवं जन सेवा केन्द्र संचालकों को पीएम किसान सम्मान निधि की उपयोगिता एवं शासन की अति महत्वकॉक्षी योजना होने की जानकारी दिया गया इसके अतिरिक्त पीएम किसान निधि प्रति माह 6 हजार रुपए कृषकों को प्राप्त होने की जानकारी दिया गया व बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पात्र कृषकों को ही प्राप्त हो सके इस लिये शासन द्वारा निधि की सहायता राशि कृषकों के बैंक खातों के स्थान पर आधार के फीडिंग के आधार पर किया जा रहा है इसके लिये ई-केवाईसी अत्यन्त अनिवार्य है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि शत-प्रतिशत कृषकों का ई-केवाईसी कराया जाना प्रशासन व सम्बन्धित विभागों का उत्तरदायित्व है जनपद में कुल 2 लाख 11 हजार 883 कृषकों के सापेक्ष मात्र 1 लाख 21 हजार 841 कृषकों का ही ई-केवाईसी कराया जा सका जो कि मात्र 58 प्रतिशत है अभी 42 प्रतिशत ई-केवाईसी कराया जाना अवशेष है जो कि अत्यन्त खराब स्थिति है मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला कृषि अधिकारी एवं जन सेवा केन्द्र संचालाकों पर रोष व्यक्त किया गया व चेतावनी दिया गया कि औसत रूप से प्रति जन सेवा केन्द्र द्वारा प्रतिदिन 200 कृषकों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा सम्बन्धित क्षेत्रीय कर्मी एवं सम्बन्धित जन सेवा केन्द्र संचालाकों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी जन सेवा केन्द्रों को चेतावनी दिया गया कि यदि उनके द्वारा प्रति दिन 200 से कम ई-केवाईसी की जाती है तो उनके केन्द्र को निरस्त कर दिया जायेगा बैठक में जन सेवा केन्द्र संचालकों की संख्या अत्यन्त कम होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि उपस्थिति रजिस्टर में प्रतिभाग करने वाले अपनी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे जिन जन सेवा केन्द्र संचालकों द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया गया उनकी सूची तैयार करने हेतु प्रबन्धक सीएससी को निर्देशित किया गया ताकी उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा सके इसके अतिरिक्त 30 जून 2022 तक जनपद के समस्त कृषकों का ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषि सहायक विनोद कुमार से उनको आवंटित ग्राम रसूलपुर टप्पा व अन्य ग्रामों में ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा किया गया जिसमें शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि उनके आवंटित ग्रामों में अभी तक कुल 1963 कृषकों का ई-केवाईसी कराया जाना अवशेष है। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित ग्राम के जन सेवा केन्द्र संचालकों की उपस्थिति चाही किन्तु वे बैठक में अनुपस्थित पाये गये जिस पर अन्य जन सेवा केन्द्र संचालाको की उपस्थिति की समीक्षा में पाया गया कि जनपद में कुल 1200 संचालाकों में मात्र 81 संचालक ही उपस्थित पाये गये जिस पर अधिकारी द्वारा गहरा रोष व्यक्त कर प्रबन्धक सीएससी को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक सीएससी द्वारा प्रतिदिन कितनी ई-केवाईसी करायी गयी है उनकी मॉनीटरिंग कर प्रत्येक दिन 05:00 बजे रिपोर्ट मेरे समक्ष स्वयं प्रस्तुत करें मुख्य विकास द्वारा जन सेवा केन्द्र संचालको को निर्देशित किया गया कि जन कल्याणकारी योजनाओं एवं ई-केवाईसी हेतु मानक के अनुसार ही शुल्क लिया जाये अनुचित रूप से अधिक शुल्क कतिपय उचित नहीं है इसका ध्यान रखा जाये कि कृषकों का शोषण न हो प्रबन्धक, सीएससी द्वारा जन सेवा केन्द्र संचालाकों को निर्देशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में पीएम-किसान निधि योजनान्तर्गत ई-केवाईसी 30 जून, 2022 तक शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाये।



उपस्थित लोगों को संबोधित करते सीडीओ

### पुलिस की कार्यवाही से क्षुब्ध महिला ने सिपाही के ऊपर लगाया फर्जी बलात्कार के प्रयास का आरोप

**मिनी बैंक सेंटर में तोड़ फोड़ व घर मे घुस कर तांडव करने वाली महिला के खिलाफ थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा किये कार्यवाही से छुब्ध महिला लगा रही है सिपाही के खिलाफ फर्जी छेड़खानी व बलात्कार का प्रयास का आरोप**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत बिजिया चौराहा के एक मिनी बैंक सेंटर में कुछ महिलाओं द्वारा दिनांक 22 जून को तोड़ फोड़ व घर मे घुस कर तांडव करना गाली गलौझ व ईंट पत्थर चलाये जाने की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई शिकायत के बाद थाना पुलिस द्वारा उक्त महिलाओ के विरुद्ध एनसीआर संख्या 0026/2022 धारा 504,427 दर्ज कर 151 में चालान किया गया था इस पुलिसिया कार्यवाही से क्षुब्ध हो कर उक्त महिला उच्च अधिकारियों के पास थाना कौशाम्बी पुलिस वालों के विरुद्ध फर्जी छेड़खानी की शिकायत कर रही है इन महिलाओं का आतंक जनता में इतना भय व्याप्त है कि कोई इन महिलाओं के सामने पड़ने में डरते है इसी तरह कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के एक व्यक्ति के विरुद्ध इसी महिला ने फर्जी आरोप लगा कर उस व्यक्ति से पैसे वसूले थे।

# भ्रष्टाचार बढ़ते अपराध की सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज से हो जांच : विष्णु

**जन समस्याओं के निस्तारण में सरकारी विभागों की उदासीनता लापरवाही से आम जनमानस को योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ, आम आदमी पार्टी के नेता विष्णु जयसवाल ने कौशांबी कलेक्ट्रेट के पास डायट मैदान में शुरू किया आमरण अनशन**



डायट मैदान में आमरण अनशन करते आम आदमी पार्टी नेता विष्णु जयसवाल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** आम आदमी पार्टी के नेता विष्णु कुमार जयसवाल उर्फ बाबा जी ने जनपद मुख्यालय के डायट मैदान में आमरण अनशन शुरू कर दिया है उन्होंने धरना प्रदर्शन आमरण अनशन की अनुमति प्रशासन से मांगी थी लेकिन प्रशासन ने आमरण अनशन धरना प्रदर्शन का कोई जवाब नहीं दिया उनके इस आमरण अनशन में आम आदमी पार्टी के तमाम नेता धरना दे रहे हैं आम आदमी पार्टी के नेता विष्णु जयसवाल ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश में अपराध अत्याचार भ्रष्टाचार बढ़ा है जन समस्याओं के निस्तारण में सरकारी विभागों की उदासीनता लापरवाही से आम जनमानस को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है आम जनता बढ़ते अपराध से पीड़ित है उन्होंने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त जज से बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने की जरूरत है कौशांबी जिले के तमाम अपराधों का हवाला भी उन्होंने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में दिया है इस दौरान प्रदीप कुमार जयपाल जिद्दी अली हुसैन श्याम पाल सिंह सूरजबली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 16 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मोहब्बतपुर पइसा से तीन थाना करारी से दो थाना सैनी से एक थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना मंझनपुर से दोथाना कोखराज से दो थाना पिपरी से चार कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

### वारण्टी पिता पुत्र गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा दो वारन्टी अभियुक्तों ओमप्रकाश पुत्र सुखलाल व सुखलाल पुत्र विन्दा प्रसाद निवासीगण ओसा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही :** **कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो-पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 130 वाहनों का ई चालान व 01 वहन का चालान कर से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# तीन बेटियों के साथ महिला 27 जून को करेगी आत्मदाह

**डेढ़ महीने बीते नहीं हुई हमलावरों की गिरफ्तारी, जमीनी विवाद में आधी रात को लाठी-डंडे तमंचा से लैस हमलावरों ने गोली मारने के बाद झोपड़ी में लगा दी थी आग**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बसोहरा में जमीनी विवाद के चलते 10 मई की आधी रात को लाठी डंडे तमंचा से लैस हमलावरों ने अमानत उल्ला को गोली मार दी थी इतना ही नहीं हमलावरों ने अमानत उल्ला की झोपड़ी में आग लगा दिया था घायल अमानत उल्ला को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन घटना को डेढ़ महीने बीत चुके हैं और हमलावरों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है पीड़ित परिजनों ने हमलावरों से सांठगांठ का आरोप कोतवाल पुलिस पर लगाया है हमलावरों की गोली के शिकार अमानत उल्ला की पत्नी शहनाज बेगम और उनकी तीन बेटियों ने मुख्यमंत्री पुलिस महानिदेशक अपर पुलिस महानिदेशक मंडलायुक्त जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उसके पति पर हमला करने वालो की गिरफ्तारी नहीं हुई और आरोपियों से सांठगांठ करने वाले कोतवाल को लाइन हाजिर नहीं किया गया तो 27 जून को कलेक्ट्रेट के बाहर डायट मैदान में बैठ कर तीनों बेटियों के साथ आत्मदाह करेंगे।

## न्यूज झरोखा

### पीडब्लूडी की सड़क पर अतिक्रमणकारियो ने किया अवैध कब्जा



**कौशाम्बी।**।चायल तहसील क्षेत्र के मखऊपुर पुल के बगल में पुराने पुल के सामने खाली पड़ी पीडब्लूडी की जमीन पर अतिक्रमणकारियो ने अवैध कब्जा जमा लिया है। अतिक्रमणकारियो ने पीडब्लूडी की जमीन पर अवैध कब्जा कर उक्त जमीन पर मकान बना लिए हैं और अभी भी निर्माण कार्य चालू है। कई वर्ष पहले उसी सड़क से होकर लोगों का कौशाम्बी एवं प्रयागराज जनपद आवागमन हुआ करता था। समय के अनुसार मखऊपुर का पुराना पुल काफी नीचे बना हुआ था। बारिश के दौरान ससुर खदेरी नदी उग्ररूप धारण कर लेती थी जिसके कारण नदी का पानी पुल के ऊपर से होकर पास होने लगता था जिससे लोगों को पुल से होकर आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मखऊपुर का पुराना पुल कई वर्ष पुराना हो जाने के कारण पुल की स्थिति बिल्कुल जर्जर भी हो चुकी थी, कोई हादसा ना हो जाए इसलिए पुराने पुल के बगल में शासन से स्वीकृत कराए जाने के पश्चात एक नए पुल का निर्माण कराया गया। वर्तमान समय में लोगों का आवागमन नए पुल से हो रहा है और पुराने पुल की जमीन और पीडब्लूडी की सड़क पर लोगों ने अवैध कब्जा जमा लिया है। नए पुल के बगल में अब एक और नए पुल का निर्माण लोगों की भूमिधारी जमीन में हो रहा है जबकि इससे सरकार को भी मुआवजे के रूप में नुकसान उठाना पड़ सकता है। नए पुल का निर्माण हो जाने के कारण मखऊपुर के पुराने पुल से लोगों का आवागमन बंद हो गया और उसके सामने बनी पीडब्लूडी की सड़क पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा कर मकान बना लिए हैं। क्षेत्र के लोगों ने अतिक्रमणकारियो के कब्जे से पीडब्लूडी की जमीन कब्जामुक्त कराए जाने की मांग जिम्मेदार अधिकारियों से कर रहे हैं।

### हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना सराय अकिल पर पंजीकृत मुकदमें के दो अभियुक्त मस्सन अहमद पुत्र मो० सईर निवासी किशनपुर अम्बरी व गुलजारी पुत्र सुल्ला कुंजड़ा निवासीगण किशनपुर अम्बारी थाना सराय अकिल को न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 11-11 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 03 वर्ष 07 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संजीव कुमार पुत्र महेश कुमार निवासी मरीमई थाना कलान जिला शाहजहापुर को काजीपुर तिराहा थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा बाछित अभियुक्त अजय उर्फ रामचन्द्र सरोज पुत्र संतोष सरोज निवासी ग्राम व थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### डेढ़ सौ विद्युत बकायेदारों की बत्ती गुल

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा विद्युत उप केंद्र अंतर्गत अवर अभियंता चंद्रिका मौर्य ने शुक्रवार के दिन मनकापुर अजरौली निखोदा अढौली डकसरीरा सहित 8 गांव में अवैध रूप से लगाए कटिया वाले और बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया गया है जहां अवर अभियंता के इस कार्रवाई से बकायेदारों और अवैध रूप से कटिया मारो पर हड़कंप मचा रहा इस मौके पर विद्युत उपकेंद्र के अनीस आनंद मिश्रा हर्ष पांडेय बृजेश प्रवीण अर्कवंशी बृजेश लालचंद ज्ञानचंद आज विद्युत कर्मचारी मौजूद रहे।

### दबंगों ने की ई-रिक्शा चालक की बेरहमी से से पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला गांव के पास ई रिक्शा चालक दलित अमृतलाल पुत्र राम सुमेर पासी निवासी गेरसा थाना कोखराज को सिरियावा के आलम और अपने भाई पिता को बुलाकर दलित अमृतलाल को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा है ई रिक्शा चालक बेरूवा चौराहे से सवारी सवारी लेकर भरवारी जा रहा था रास्ते में उसे रोक लिया गया है आरोप है कि जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए ई रिक्शा चालक से कहा है कि इस क्षेत्र में ई-रिक्शा नहीं चलाओगे वरना तुम्हारी खैर नहीं होगी पीड़ित ने मामले की तहरीर चरवा थाना पुलिस को दिया है।

### एक महीना बीता महिला की हत्या करने वाले को गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस!

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में 18 मई को रामपति पत्नी रामानंद की हत्या किए जाने के बाद मामले में कोखराज थाने में मुकदमा अपराध संख्या 312 सन 2022 दर्ज कर पुलिस ने हमलावरों की तलाश की लेकिन एक हमलावर की गिरफ़्तारी के बाद मुकदमे में नामजद अन्य हमलावरों को कोखराज पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है हमलावरों की गिरफ्तारी में लापरवाह बन चुकी कोखराज थाना पुलिस से पीड़ित परिजन लगातार अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है पीड़ित परिजनों ने मुकदमा के विवेचक पर आरोपियों से सांठगांठ का आरोप लगाया है(



पीड़ित महिलाएं

### भैंस चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक को छोड़ने के एवज में सिपाही मांग रहे 60 हजार

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रहीमपुर मौलानी गांव के आरिफ शाह को पुलिस भैंस चोरी के शक में तीन दिन पहले गिरफ्तार करके पुलिस थाने उठा लाई है करारी पुलिस पर आरोपी के बहन ने आरोप लगाते हुए कहा कि थाने में पुलिस उसके साथ 3 दिन से लगातार अत्याचार मारपीट कर जबरजस्ती अपराध कबूल करवाने का प्रयास रही है शिकायत करने वाली महिला का कहना है कि थाने के सिपाही आरोपी के घर जाते हैं और उसकी बूढ़ी मां के साथ भी गाली गलौज अभद्रता करते हैं 3 दिन पहले पकड़े गए आरोपी के साथ थाने में अत्याचार हो रहा है यदि वह आरोपी था तो तीन दिन बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस ने उसका चालान भी नहीं किया है सब कुछ सिपाहियों के निर्देश पर थाने में हो रहा है और करारी थानेदार असहाय बने सिपाहियों की करतूत देख रहे हैं आरोपी की बहन सबीना बानो ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में थाने के दो चर्चित सिपाहियों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि मेरा भाई भैंस चोरी नहीं करता है और दोनों सिपाही उसे बेवजह थाने पकड़ लाए हैं मेरे भाई को छोड़ने के एवज में करारी थाने के दोनों चर्चित सिपाही साठ हजार रुपए की मांग कर रहे हैं पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग करते हुए दोनों आरोपी सिपाहियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# युवा विरोधी केंद्र सरकार युवाओं को बना देगी चौकीदार : अजय सोनी

**केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना के विरोध में समर्थ किसान पार्टी का राष्ट्रपति को ज्ञापन**

अखंड भारत संदेश



ज्ञापन सौंपते समर्थ किसान पार्टी नेता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को भारतीय सेना में महज चार साल के लिए नौकरी पर रखे जाने के विरोध में शुक्रवार को सिराथू तहसील में महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी को संबोधित एक ज्ञापन सिराथू उपजिलाधिकारी राहुल भट्ट को सौंपा गया। पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी के कई नेताओं ने देश के राष्ट्रपति के पास एक ज्ञापन भेजा। भेजे गए ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा देश के युवाओं को सिर्फ चार सालों के लिए भारतीय सेना में नौकरी पर रखे पर ऐतराज जताया गया। साथ ही मांग की गई कि देश के युवाओं को सेना में पूर्णकालिक अवधि के लिए नौकरी पर रखा जाय। ज्ञापन स्वीकार करते हुए उपजिलाधिकारी सिराथू ने ज्ञापन को महामहिम राष्ट्रपति को भेजने का आश्वासन दिया।इसके पूर्व पार्टी के लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि केंद्र सरकार युवा विरोधी है और देश के युवाओं को चौकीदार बनाने का प्रयास कर रही है। आगे कहा कि चार सालों की नौकरी के बाद देश की युवा शक्ति रोजगार के लिए दर दर भटकने को विवश होगी। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि समर्थ किसान पार्टी केंद्र सरकार से देश के युवाओं को सेना में पूर्णकालिक अवधि के लिए नियुक्त करने की मांग करती है। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र केसरवानी, परिहार लोधी, आदित्य तिवारी, अखिलेश विश्वकर्मा, दुखराज सरोज आदि मौजूद रहे।

# मंत्री को बदनाम कर ठगी करने में लगे युवकों पर मेहरबान पुलिस

**3 महीने से चायल सर्किल क्षेत्र के थाना और पुलिस चौकी प्रभारी महिलाओं को न्याय देने के बजाय झाड़ रहा अपना पल्ला**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में इन दिनों नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वालों का गिरोह तेजी से सक्रिय है महिलाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले युवकों ने जिले की सैकड़ों महिलाओं से करोड़ों की ठगी की है चायल तहसील और मंझनपुर तहसील क्षेत्र के दो युवकों के रैकेट ने चिटफंड कम्पनी की एनजीओ के नाम पर सैकड़ो महिलाओं को रोजगार देने का सब्जबाग दिखाया सिक्योरिटी धनराशि के नाम पर ठगी में लगे युवकों ने धन उगाही शुरू किया मामले में भाजपा सरकार के एक मंत्री को शामिल बताकर युवकों ने मंत्री को भी बदनाम करना शुरू कर दिया जब महिलाओं को सिक्योरिटी की रकम दिए जाने के बाद नौकरी नहीं मिली तो महिलाओं को ठगे जाने का एहसास होने लगा बताया जाता है कि चायल तहसील क्षेत्र के ताजपुर का राममिलन और समदा के रहने वाले बृजेंद्र कुमार ने सैकड़ों महिलाओं से करोड़ों के रकम की ठगी की है। नौकरी देने के नाम पर ठगों के गिरोह में फंस चुकी महिलाओं ने युवकों के खिलाफ मोर्चा खोला और महिलाओं ने पुलिस की शरण ली मामले की सूचना 23 मार्च को क्षेत्राधिकारी चायल को देकर ठगों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई लेकिन जांच के नाम पर महिलाओं का प्रार्थना पत्र रद्दी में डाल दिया गया महगाव रिपोटिंग चौकी पुलिस को भी महिलाओं ने सूचना दिया लेकिन महिलाओं को न्याय नहीं मिल सका और उन्हें अपने क्षेत्र में अपराध ना होना कह कर टाल दिया गया जिस पर महिलाओं ने पिपरी थाने में भी सूचना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी कराए जाने उन पर मुकदमा दर्ज कराया जाने का निवेदन किया लेकिन महिलाओं को वहां भी न्याय नहीं मिल सका जिस पर चायल पुलिस चौकी को भी महिलाओं ने सूचना देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की लेकिन पुलिस बार-बार अपने क्षेत्र में अपराध ना होना बता कर ठगी की शिकार महिलाओं को इस थाने से उस थाने पुलिस भेजती रही धीरे धीरे पुलिस को प्रार्थना पत्र देते महिलाओं को 3 महीने बीत चुके हैं लेकिन ठगी में लिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है जिससे ठगी में लिप्त युवकों के हौसले बुलंद है। ठगी करने वाले युवक के झांसे से पीड़ित मनीषा यादव विमला यादव सुनीता पाल रंजीता देवी उर्मिला देवी अंजू शर्मा सुनीता मिश्रा ममता तिवारी सावित्री सोनी ममता कुशवाहा रूमा यादव सरिता देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर ठगों के कारनामों को बताते हुए कार्यवाही की मांग की है लेकिन महिलाओं को पुलिस से न्याय नहीं मिल सका है।

### निजी अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की शिकायत

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा रोड में जिला अस्पताल के पास संचालित एक निजी अस्पताल के संचालक के कारनामों से परेशान मरीज के परिजनों ने सीएमओ से शिकायत करते हुए अस्पताल संचालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं मरीज के परिजनों की शिकायत पर सीएमओ ने मामले की जांच कराते हुए आरोपी अस्पताल संचालक पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। बता दें कि सराय अकिल कस्बे के बुद्ध पूरी मोहल्ले की एक बालिका को पेट में पथरी की शिकायत थी जिस पर वह जिला अस्पताल इलाज कराने आई लेकिन उसके रिश्तेदार एंबुलेंस चालक ने बालिका से कहा कि निजी अस्पताल में उसका सही इलाज हो जाएगा और मर्ज जल्द ठीक हो जाएगा जिस पर एंबुलेंस चालक रिश्तेदार की बातों का भरोसा कर बालिका निजी अस्पताल पहुंच गई जहां उससे 35 हजार रुपए ले लिए गए पेट फाड़ दिया गया लेकिन पथरी नहीं निकाली गई जिस पर उसे बराबर दर्द होता रहा महिला ने अस्पताल संचालक को पेट में दर्द की जानकारी दी जिस पर उसे डांट कर भगा दिया गया पीड़ित महिला ने सराय अकिल के एक निजी अस्पताल में फिर से अपना इलाज कराया जहां ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक ने उसके पेट से पथरी निकाल दी है जिस पर महिला स्वस्थ हो गई है मंझनपुर अस्पताल संचालक के कारनामे को लेकर पीड़ित बालिका सीएमओ कार्यालय पहुंची जहां उसने अस्पताल संचालक पर कार्यवाही की मांग की है ।

### छात्रों से करोड़ों की ठगी कर युवक हुआ फरार

**गैर जिले से लाए गए युवकों ने देर रात भरवारी क्रासिंग पर किया हंगामा**

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के गेस्ट हाउस में कई वर्षों से राहुल नाम के एक युवक ने गैलवे इंडिया कंपनी के नाम पर छात्रों को ट्रेनिंग देने और उन्हें नौकरी का झांसा दिला कर तीन हजार युवकों को अपने जाल में फंसाकर उनसे पच्चीस पच्चीस हजार रुपए की रकम अपने कंपनी में जमा करा ली छात्रों को ट्रेनिंग नही मिल सकी ना उन्हें नौकरी मिल सकी इसी बीच कंपनी का संचालन करने वाले युवक पर एक बालक का अपहरण करने का भी आरोप लगाने के बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी कुछ दिनों बाद राहुल नामक युवक ने अपनी कंपनी में ताला बंद कर दिया और फरार हो गया राहुल के फरार हो जाने के बाद ट्रेनिंग कर रहे छात्रों को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने गुरुवार की शाम भरवारी रेलवे क्रासिंग पर जमकर हंगामा किया है। प्रदेश के कई जनपदों से नौकरी का सब्जबाग दिखाकर बुलाए गए नवयुवकों ने देर रात भरवारी रेलवे क्रासिंग के पास जमकर हंगामा किया,नवयुवकों का आरोप था की उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने के लिए बुलाया गया था और पच्चीस पच्चीस हजार रुपए लेकर ट्रेनिंग के लिए बताया गया था,लेकिन बेवकूफ बनाकर हम लोगो को कमरे से बाहर कर दिया गया,युवकों का आरोप है की उनको पानी वाली दाल के साथ खाना दिया जाता है और उन्हें परिवार वालो से मिलने नही दिया जाता है।इसकी शिकायत पुलिस से की है। ठगी के शिकार हो चुके युवकों का आरोप है कि राहुल नाम का युवक अपने साथियों के साथ एक फर्जी कंपनी खोल रखा है,जिसमे वह और उसके एजेंट प्रदेश के कई जिलों से युवकों को नौकरी का सब्जबाग दिखाकर बुलाते है और उनसे 25 हजार रुपए ट्रेनिंग के नाम पर लेते है।जिन्हे बिजनेस की ट्रेनिंग देते है और अन्य जगहों से और लडको को जोड़कर उनको भी बुलाने का कार्य कराया जाता है।बुधवार की देर रात इन सब युवकों को कमरों से बाहर कर दिया गया और अन्य कई युवकों को कमरों में बंद कर के रखा गया।भरवारी रेलवे क्रासिंग पर हंगामा करते हुए युवकों ने बताया की हम लोगो को इतनी रात में कमरों से बाहर कर दिया गया है हम इतनी रात को कहा जायेंगे।युवकों ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। खबर लिखे जाने तक करोड़ों की ठगी करने वाले राहुल नामक युवक पर पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया।

# भौतिक ही नहीं आत्मिक विकास भी आवश्यक...!

संपादकीय

## आपातकाल में छिन गई थी देश की स्वतंत्रता

**सत्ता** की ताकत का दुरुपयोग कैसे किया जाता है। इसका उदाहरण कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में देश पर तानाशाही पूर्वक लगाया गया आपातकाल है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही समाप्त कर दिया था। इसे एक प्रकार से देश की आजादी को छीनने का दुस्साहसिक प्रयास भी माना जा सकता है। क्योंकि इंदिरा शासन द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में सरकार के विरोध में आवाज उठाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। यहां तक कि सरकार ने विपक्ष की राजनीति करने वालों के साथ ही उन समाजसेवियों और राष्ट्रीय विचार के प्रति समर्पित उन संस्थाओं के व्यक्तियों को जेल में ठूंस दिया था, जो सरकार की कमियों के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे थे। सरकार के इस कदम को पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर उस आवाज को दबाने का प्रयास किया, जो लोकतांत्रिक रूप से भी सही थी। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस शासन का यही चरित्र रहा है कि उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को किसी भी प्रकार से शांत किया जाए। आज भी कांग्रेस ठीक इसी पद्धति से काम करती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बलि दी जाती रही है। इसे कांग्रेस का स्वभाव ही माना जा सकता है कि उसने देश को मजबूत करने वाली आवाज को मुखर नहीं होने दिया। इसके विपरीत देश के विरोध में उठने वाली आवाज को बिना सोचे समझे अभिव्यक्ति की आजादी कहकर समर्थन किया। सीधे शब्दों में निरूपित किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस को अपने विरोध में कहीं गई कोई बात जरा भी पसंद नहीं है। इसी कारण नेशनल हेराल्ड में जब जांच की बात आती है तो कांग्रेस के नेता एकजुट होकर ऐसा प्रदर्शन करते हैं, जैसे वही सही हैं और बाकी सभी गलत। कांग्रेस ने एक नहीं कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्रविरोधी ताकतों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देने काम किया है, लेकिन जो कांग्रेस गाहे-बगाहे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करती रही है, उसने ही 25/26 जून, 1975 की रात आपातकाल लगाने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किस प्रकार कुठाराघात किया जाता है, इस तथ्य को जानने के लिए कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल के काले अध्याय का अध्ययन करना चाहिए। आपातकाल के नाम पर कांग्रेस ने अंग्रेजों से भी भयंकर यातनाएं देते हुए देशभक्तों पर कहर बरपाया। जिसके स्मरण मात्र से दिल में सिरहन दौड़ जाती है। जिन लोगों ने इस काली रात का साक्षात्कार किया, उनके अनुभव सुनने मात्र से ही लगता है कि इन्होंने आपातकाल को किस कदर भोगा होगा।

आपातकाल लगाने के पीछे के कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो यही तथ्य सामने आते हैं कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह से तानाशाह शासक की भूमिका में दिखाई दीं। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को ठेंगा बताते हुए अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया, यह एक प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग ही था। वह निर्णय क्या था? इसकी जड़ में 1971 में हुआ लोकसभा चुनाव था, जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी।

सुनील कुमार महला



**हाल** ही में अफगानिस्तान में जोरदार भूकंप से पूरा देश कांप गया। अफगानिस्तान में भूकंप के जोरदार झटकों की वजह से 3200 से ज्यादा लोगों की मौत की खबरें हैं। इस भूकंप में एक हजार से अधिक लोग घायल भी बताये जा रहे हैं। मीडिया खबरों से पता चलता है कि भूकंप ने अफगानिस्तान में भयंकर तबाही मचाई है। बताया जा रहा है कि भूकंप के ये झटके हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी महसूस किये गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गई है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के दक्षिणपूर्व में बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह 2002 के बाद से सबसे विनाशकारी भूकंप है, जब 6.1 तीव्रता के भूकंप में करीब 1,000 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 1998 में अफगानिस्तान के उत्तरपूर्वी इलाके में 6.1 की तीव्रता वाले भूकंप में कम से कम 4500 लोग मारे गए थे। हाल ही में आये इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के खोस्त शहर से करीब 44 किलोमीटर दूर और 51 किलोमीटर की गहराई पर था। अफगानिस्तान में इस भीषण तबाही के बाद भारत, पाकिस्तान समेत कई देशों ने मदद का हाथ बढ़ाया है। भूकंप एक बड़ी प्राकृतिक आपदा है। जानकारी देता चलूं कि वर्ष 2004 में हिंद महासागर में भूकंप से पैदा हुई सुनामी में भारत के अंडमान निकोबार द्वीप समूह सहित तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश के तटीय क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुए थे। उस समय हजारों लोग मारे गए थे, और सैकड़ों लोग लापता हो गये थे। चीन के तांगशान शहर में 28 जुलाई, 1976 को तड़के तीन बजकर बयालीस मिनट पर महाविनाशकारी भूकंप आया। चीन के इस औद्योगिक नगर की आबादी उस समय लगभग दस लाख थी। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 7.6 से लेकर 8.2 तक मापी गई थी। तांगशान में आए इस भूकंप ने 2,55,000 लोगों की जान ली। गैर आधिकारिक रिपोर्टों के मुताबिक मृतकों की संख्या 6 लाख से ज्यादा थी। वर्ष 526 ईस्वी में सीरिया और एंटिओक में एक घातक भूकंप आया था, जिसमें लाखों लोग मारे गए थे। सीरिया में आए एक भूकंप ने अलेप्पो को पूरी तरह झकझोर दिया था। किले की दीवारें और चट्टानें जमींदोज हो गई थीं। अलेप्पो के आस पास के छोटे कस्बे भी पूरी तरह बर्बाद हो गए थे। अनुमान है कि उस भूकंप ने 2,30,000 लोगों की जान ली थी। वर्ष 1920 में चीन में आए करीब 7.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके हजारों किलोमीटर दूर नॉर्वे तक महसूस किये गए थे और भूकंप ने हेयुआन प्रांत में 2 लाख लोगों की जान ली थी। 26 दिसंबर 2004 में सुबह 8:50 बजे दुनिया के सामने इस विनाशकारी भूकंप ने तांडव मचाया था। जानकारी मिलती है कि इस भूकंप ने 23,000 परमाणु बमों के बराबर ऊर्जा निकाली थी। इससे उठी सुनामी लहरों ने भारत, श्रीलंका, थाइलैंड और इंडोनेशिया में जान माल को काफी नुकसान पहुंचाया था। हिंद महासागर में 9.3 तीव्रता वाले भूकंप ने ढाई लाख से ज्यादा लोगों की जान ले ली। 17 लाख लोग विस्थापित भी हुए। 26 जनवरी वर्ष 2001 में गुजरात में आया भूकंप भला कौन भूल सकता है ? इस शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाई मचाई थी। मीडिया रिपोर्ट बताती है इस विनाशीकारी जलजले ने भयंकर तबाही मचा दी थी। इसमें कम से कम तीस हजार लोग मारे गए और तकरीबन 10 लाख लोग बेघर हो गए। भुज और अहमदाबाद पर भूकंप का सबसे अधिक असर पड़ा था। ये सभी भूकंप के बड़े उदाहरण हैं, इन भूकंपों ने धरती पर भारी तबाही मचाई थी। वास्तव में, भूकंप का मंजर बड़ा ही खौफनाक, डरावना होता है, मानवता सहम जाती है। इमारतें,सड़कें सब तहस नहस हो जाती हैं। भूकंप प्रकृति का रौद्र रूप होता है जो सिर्फ बर्बादी लाता है। भूकंप आपदा यह स्पष्ट करती है कि प्रकृति का विकराल रूप कितना खतरनाक है। आज तकनीक व विकास ने मानव को ताकतवर जरूर बनाया है लेकिन मानव आज भी प्रकृति के समक्ष बौना ही नजर आता है। मानव की इतनी क्षमता नहीं है कि वह प्रकृति से लड़ सके। आज मनुष्य ताकतवर जरूर है लेकिन प्रकृति के सामने असहाय है। प्रकृति के आगे मानव का कोई वश नहीं चलता। आज मानव अपने स्वार्थों के कारण प्रकृति से लगातार छेड़छाड़ कर रहा है, खनन से धरती को खोखला कर रहा है, कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर रहा है, प्राकृतिक संसाधनों का लगातार अंधाधुंध दोहन कर रहा है, पेड़ों की कटाई अपने चरम पर है।सच तो यह है कि प्रकृति से मनुष्य की छेड़छाड़ ही कहीं न कहीं भूकंप जैसी खतरनाक प्राकृतिक आपदा के लिए जिम्मेदार ठहराई जा सकती है। मानव हर प्रकार से प्रकृति पर ही निर्भर है लेकिन बावजूद इसके वह प्रकृति से छेड़छाड़ करने से नहीं चूक रहा। वास्तव में प्रकृति सहज है और वह कभी भी मनुष्य से विश्वासघात नहीं करती जो उसे प्यार करता है, उसकी रक्षा करता है।प्रकृति तो बेहद सहज है ,वह अनुशासित है , वरदानों से भरपूर व मनुष्य के अस्तित्व का आधार है। लेकिन मनुष्य आज पूर्णतया भौतिकवादी हो गया है।वह प्रकृति को लगातार तहस नहस करने में लगा है।मनुष्य के लालच ने मनुष्य को अंधा बना दिया है। वह प्रकृति से अपना रिश्ता कायम नहीं रख पा रहा है।आज मनुष्य अपनी राह से भटक चुका है। प्रकृति ने मनुष्य को रोटी, कपड़ा और मकान या यूं कहें कि सबकुछ दिया है, जो उसने प्रकृति से चाहा है, लेकिन मनुष्य ने प्रकृति को क्या दिया झ प्रदूषण, प्राकृतिक संपदा का दोहन, वन्यजीवों का संहार। मनुष्य ने अपने स्वार्थों के कारण धरती की कोख को खोखला बना दिया है। आज मनुष्य को इस बात से सबक लेना चाहिए कि यह धरती केवल उसकी अकेले की नहीं है। प्रकृति द्वारा दिए गए उपहारों का सदुपयोग कर और अपने लालच और स्वार्थ पर काबू कर, ह्यजियो और जीने दोह्व के नियम का पालन करने से यह धरती फिर से हरी-भरी और सुंदर हो सकती है। प्रकृति के सानिध्य में मानव वह सबकुछ पा सकता है जो कि जीवन यापन के लिए उसे चाहिए। सच तो यह है कि अंधाधुंध विकास के लिए प्रकृति की कुबानी कभी भी नहीं दी जा सकती है । वन , पहाड़ , घाटियां झीलें, झरने, नदियां , समुन्दर , जानवर , पक्षी व कीट - पतंगे इत्यादि प्रकृति के आंगन की रौनक हैं, प्रकृति का गहना हैं । प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। मानव ने हमेशा से ही भोगवाद को अपनाया है और यही हमारे जीवन तथा पर्यावरण के लिए अभिशाप सिद्ध हो रहा है। अपने स्वार्थ के लिए मनुष्य प्राकृतिक वातावरण को लगातार नुक्सान पहुंचाता चला जा रहा है। वैज्ञानिकों द्वार बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद प्रकृति से ज्यादा से ज्यादा प्राप्त कर लेने की मानव इच्छा आज खत्म नहीं हो रही और प्रकृति का दोहन खूब हो रहा है। मनुष्य ने जल,जंगल व जमीन का कहीं का नहीं छोड़ा है। यह ठीक है कि प्राकृतिक आपदाएं आधुनिकता की शुरूआत में भी आती थीं, लेकिन वैज्ञानिक युग में ये निरंतर बढ़ रही हैं। अंत में यही कहूंगा कि विकास आज की जरूरत जरूर है लेकिन विकास को इस प्रकार सीमित व व्यवस्थित बनाया जाए कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन कायम रह सके। विकास की प्रक्रिया को इस प्रकार निर्धारित किया जाए कि उससे प्राकृतिक संसाधनों पर विपरीत प्रभाव न हो। प्रकृति से छेड़छाड़ न हो। ताकि हम भूकंप समेत अनेक प्रकार की आपदाओं से बच सकें। विकास हो लेकिन प्रकृति का विनाश किए बिना, विकास केवल भौतिक ही नहीं मनुष्य का मानसिक व आत्मिक विकास भी आवश्यक है। सिर्फ पदार्थवादी विकास से मनुष्य सरलता से जीवन नहीं जी सकता है। मनुष्य को पदार्थवाद से बाहर निकलना होगा और प्रकृति के बारे में सोचना होगा, मन व आत्मा से प्रकृति के लिए काम करना होगा।

> आज मनुष्य ताकतवर जरूर है लेकिन प्रकृति के सामने असहाय है। प्रकृति के आगे मानव का कोई वश नहीं चलता। आज मानव अपने स्वार्थों के कारण प्रकृति से लगातार छेड़छाड़ कर रहा है, खनन से धरती को खोखला कर रहा है, कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर रहा है, प्राकृतिक संसाधनों का लगातार अंधाधुंध दोहन कर रहा है, पेड़ों की कटाई अपने चरम पर है। सच तो यह है कि प्रकृति से मनुष्य की छेड़छाड़ ही कहीं न कहीं भूकंप जैसी खतरनाक प्राकृतिक आपदा के लिए जिम्मेदार ठहराई जा सकती है। मानव हर प्रकार से प्रकृति पर ही निर्भर है

## मुर्मू का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने से विपक्ष पस्त

सियाराम पांडेय 'शांत'

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की तलाश पूरी हो गई है। सत्ता पक्ष के स्तर पर भी और विपक्ष के स्तर पर भी।तीतर के बारे में मान्यता है कि वह तीन प्रयास में अमूमन पकड़ में आ जाता है लेकिन राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने में विपक्ष को पसीने आ गए। शरद पवार,फारूख अब्दुल्ला और महात्मा गांधी के प्रपौत्र गोपालकृष्ण गांधी के इनकार के बाद विपक्ष को भी एकबारगी यह लगने लगा था कि अब कौन? वह राष्ट्रपति पद के लिए किसी अपेक्षित चेहरे का चयन कर भी पाएगा या नहीं। लेकिन, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और धुर मोदी विरोधी ममता बनर्जी के धैर्य और सूझ-बूझ की दाद देनी पड़ेगी कि उन्होंने अपने सियासी तरकश से यशवंत सिन्हा के रूप में एक ऐसा तीर निकाला जिससे विपक्ष की आकांक्षाओं को पंख लग गए। वैसे भी ममता बनर्जी चाहती तो यही थीं कि राष्ट्रपति तृणमूल कांग्रेस का ही हो लेकिन अकेला चना भाड़ फोड़ता नहीं और विपक्षी दलों में विरोध न हो, इसलिए अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के इनकार का इंतजार करती रहीं। सही समय देखकर उन्होंने तृणमूल के कोटे से उम्मीदवार प्रस्तावित कर दिया। हाल ही में उन्होंने जिस तरह खुद को पश्चिम बंगाल के राज्य विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति घोषित किया उससे यह तो साफ हो गया था कि वे पश्चिम बंगाल में केंद्र के समानांतर सरकार चलाना चाहती हैं। राष्ट्रपति पद पर अगर उनके दल का कोई बैठ जाए तो इससे अच्छी बात उनके लिए भला और क्या हो सकती है? भाजपा के सहयोग की बैसाखी पर बिहार में सत्ता रथ पर सवार नीतीश कुमार तो संभवतः बिहार के लाल को समर्थन करने का सपना ही देखने लगे थे लेकिन नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने झारखंड की पूर्व राज्यपाल और आदिवासी नेत्री द्रौपदी मुर्मू को राजग की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित कर विपक्ष के सारे कसबल ढीले कर दिए। राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के लिए भाजपा और उसके सहयोगियों दलों के पास थोड़े ही मतों की कमी थी। द्रौपदी मुर्मू के नवीन पटनायक से अपने लिए समर्थन मांगने और पटनायक के ट्वीट जिसमे उड़ीसा के गौरव जैसी बात कही गई है, उससे इतना तो साफ हो गया है कि राष्ट्रपति बनने की राह द्रौपदी के लिए अब बहुत कठिन नहीं रह गई है। नीतीश कुमार के पास बाएं-दाएं होने की थोड़ी गुंजाइश भी थी लेकिन अब वे यशवंत सिन्हा का समर्थन कर बिहार में दलितों,आदिवासियों और खासकर महिलाओं का विरोध मोल ले पाने की स्थिति में नहीं हैं। कमोबेश यही स्थिति झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन की भी है। एक तरफ आदिवासी गौरव की बात है तो दूसरी ओर गठबंधन धर्म निभाने की दुविधा। झामुमो और उसके नेता किधर जाएंगे, यह देखने वाली बात होगी।

## द्रोपदी वर्सेज यशवंत एवं शिंदे वर्सेज ठाकरे

डॉ उमेश प्रताप वत्स

राष्ट्रपति चुनावों को लेकर बहुत दिनों से क्यास लगाये जा रहे थे कि भाजपा का एनडीए गठबंधन किसे अपना प्रत्याशी बनायेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चिरपरिचित अंदाज को दोहराते हुए एक बार फिर ऐसे नाम की घोषणा की है जो मीडिया और आम समाज की प्राथमिकता सूची में किसी भी नम्बर पर नहीं था। इस घोषणा से दूरदर्शिता का परिचय देते हुए मोदी ने एक ही तीर से कई निशाने लगाये हैं। पहला तो यही कि विरोध करने से पहले विपक्ष सदस्यों को कई बार सोचना पड़ेगा दूसरा यह कि भाजपा गठबंधन के पास लगभग 48 प्रतिशत वोट है तो कुछ क्षेत्रीय दलों के वोट आसानी से मिल सके। तीसरा यह कि आदिवासी समाज की राजनीति करने वाले झारखंड के हेमेंत, उड़ीसा के पटनायक, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के नेतागण राष्ट्रपति के रूप में नामांकित आदिवासी महिला का विरोध कैसे कर पायेंगे। चौथा यह कि उड़ीसा से संबंधित नवीन पटनायक को समर्थन देना ही पड़ेगा और पांचवा यह कि शीघ्र ही गुजरात में चुनाव होने वाले हैं, वहां आदिवासी समाज 15 से 18 सीटों को प्रभावित करता है तो इस कदम के बाद उनका वोट मिलना तय है। और एक आदिवासी महिला को सर्वोच्च पद पर नामांकित करना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में यह दर्शाता है कि भारत जाति-पाति बंधन को तोड़कर वनवासी, गिरिवासी, वंचित समाज के लोगों को भी उचित स्थान देकर समरसता के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। अब देश बदल रहा है। राष्ट्रपति चुनाव 2022 के प्रत्याशी चयन के साथ ही राजनीतिक गहमागहमी शुरू हो गई है। पक्ष और विपक्ष अपने उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए अपनी ओर से कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहते। राष्ट्रपति चुनाव में मतों का गणित भी बहुत आकर्षित करने वाला है। सभी जानते हैं कि राष्ट्रपति चुनाव में विधायक, लोकसभा और राज्यसभा सदस्य मतदान करते हैं। इस बार 4,033 विधायक व 776 लोकसभा व राज्यसभा के चुने गए सांसद सदस्य अर्थात कुल 4,809 सांसद व विधायक मतदान करेंगे। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि 21 जुलाई को रायसीना हिल्स का रास्ता द्रौपदी मुर्मू या फिर यशवंत सिन्हा दोनों में से किसके लिए खुलता है? उल्लेखनीय है कि सभी विधायकों के मतों के मूल्य को कुल सांसदों की संख्या से भाग देकर एक संसद सदस्य के वोट का मूल्य तय होता है। अतः विधायकों के कुल मतों का मूल्य जो कि 5,43,231 है, 776 सासंदों में एक सासंद का मूल्य 700 बनाता है। सांसदों और विधायकों के वोट का मूल्य अलग-अलग होता है। एक सासंद के मत का मूल्य 700 है तो 5,43,200 मत तो सांसदों के गिने जायेंगे और विधायकों के 543231 मत गिने जायेंगे। विपक्ष के रूप में संप्रग (यूपीए) के पास लगभग 2,59,800 मत हैं। इसमें कांग्रेस के पास सर्वाधिक लगभग 1,45,000 मत हैं। गैर संप्रग विपक्षी दलों की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है। उनके पास 2,92,800 मत हैं। संयुक्त रूप से विपक्षी दलों के पास लगभग 5,52,000 से अधिक मत हैं। जबकि भाजपा की अगुआई वाले एनडीए के पास 5,26,420 मत हैं जो कि लगभग 48 प्रतिशत है। ऐसे में राजग को किसी दल का समर्थन लेना पड़ेगा। जिसमें वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल हैं। इन दोनों दलों ने वर्ष 2017 में भी राजग के प्रत्याशी राम नाथ कोविन्द को समर्थन दिया था। यद्यपि एनडीए को राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए अपने मतों के अतिरिक्त लगभग 13,000 मतों की आवश्यकता है जबकि बीजद के पास 31 हजार से अधिक मत हैं जबकि वाईएसआर कांग्रेस के पास 43,000 से ज्यादा मत हैं। स्वाभाविक है कि इनमें से किसी एक का भी समर्थन राजग के लिए पर्याप्त होगा। इस सारे गणित को बारिकी से समझते हुए नरेंद्र मोदी ने उड़ीसा की आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को मैदान में उतारा ताकि विपक्ष की सारी योजना धरी की धरी रह जाये। द्रोपदी मुर्मू उड़ीसा के रायरंगपुर से विधायक रहने के साथ-साथ झारखंड की गर्वनर और उड़ीसा की परिवहन मंत्री भी रह चुकी हैं। वह सुशिक्षित और जमीन से जुड़ी हुई अनुभवी नेता रही है। दूसरी ओर शरद पवार तथा फारुख अब्दुल्ला के मना करने के बाद विपक्ष ने वाजपेयी सरकार में विदेश व वित्तमंत्री रह चुके यशवंत सिन्हा को इसलिए मैदान में उतारा है कि वे मोदी के घोर विरोधी है। मोदी का विरोधी होना ही विपक्ष राष्ट्रपति चुनाव के लिए बहुत बड़ी अर्हता मान रहा है। विपक्ष अपने बनायें भ्रमजाल से कब बाहर निकलेगा यह राजनैतिक पंडितों को भी ज्ञात नहीं है। दूसरी ओर शिंदे बनाम ठाकरे आजकल मीडिया में बहुत चर्चा में हैं। सुख की बात यह है कि पिछले 60-70 वर्षों में भारतीय राजनीति में रजवाड़ों की भांति परिवारों ने जो किले गढ़े थे वह धीरे-धीरे दरक रहे हैं। उत्तर-प्रदेश के चुनावों में गांधी-नेहरू परिवार के साथ ही मुलायम सिंह परिवार भी बिखरता देखा गया। अब महाराष्ट्र में शिवसेना को ठाकरे परिवार के बंधन से मुक्त होने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। जमीन से जुड़े नेता अपनी मेहनत व संपर्कों के आधार पर परिवारों पर भारी पड़ रहे हैं। ऐसे ही सामान्य कार्यकर्ता से मंत्री तक का सफर तय करने वाले एकनाथ शिंदे ने बागी विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाला हुआ है। एकनाथ शिंदे की ओर से राज्यपाल और डिप्टी स्पीकर को पत्र लिखकर 37 विधायकों के समर्थन की बात कही गई है जबकि उसके पास लगभग 50 विधायकों का समर्थन है। महाराष्ट्र में सियासी संकट लगातार जारी है। एकनाथ शिंदे खेमे में शिवसेना विधायकों की संख्या 50 को पार करने की उम्मीद है क्योंकि आज और विधायकों के गुवाहाटी पहुंचने की संभावना है। इस बीच एकनाथ शिंदे ने दावा करते हुए कहा कि ठाणे से शिवसेना के 60 पार्षद भी सम्पर्क में हैं। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार को एकनाथ शिंदे ने बड़ा झटका दिया है। बाला साहेब ठाकरे के हिंदुत्व के पैमाने पर उद्धव ठाकरे को तौलते हुए शिंदे ने कहा कि हम बाल ठाकरे के वास्तविक अनुयायी हैं। हम असली शिवसेना है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना विधायकों की बगावत से महाराष्ट्र के सियासत पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं। महाराष्ट्र में एकनाथ गुट की बढ़ती ताकत के बीच शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री की कुर्सी को छोड़ पार्टी व अपना वजूद बचाने में लगे हुए हैं। उद्धव बैठक पर बैठक किये जा रहे हैं जिसमें पार्टी दफ्तर में आगे की रणनीति पर चर्चा चल रही है। महाराष्ट्र की सियासत में नया मोड़ आ गया है। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे चिट्ठी लिखकर विधायकों की भावनाओं का जिक्र किया है। शिंदे ने कहा कि हमारे लिए ढाई साल से सीएम आवास के दरवाजे बंद थे। अभी तक कि जानकारी के अनुसार गुवाहाटी में शिंदे गुट के कुल 42 विधायक उपस्थित हैं। शिवसेना के 34 और 8 निर्दलीय विधायक हैं। दल बदल कानून के अनुसार किसी पार्टी के अगर दो तिहाई विधायक दल बदल करते हैं तो वे अयोग्य घोषित नहीं होते क्योंकि शिवसेना के पास मौजूदा विधानसभा में कुल 55 विधायक हैं, इस स्थिति में दो तिहाई विधायक 37 बनते हैं। एकनाथ शिंदे के पास दूसरा विकल्प यह होगा कि वे 40 से अधिक विधायकों के गुट के साथ खुद को असली शिवसैनिक पार्टी बताये और उद्धव ठाकरे को किनारे कर बीजेपी के साथ गठबंधन में सरकार बना लें। ऐसी स्थिति में उन्हें पार्टी पर कब्जा करने और सिंबल जीतने के लिए चुनाव आयोग के पास जाना होगा। अगर शिवसेना टूटती है तो तीर-कमान का निशान किसके पास , यह भी दिलचस्प होगा। डिप्टी स्पीकर नरहरि जीरवाल जिन पर स्पीकर का भी कार्यभार है, किस पक्ष में निर्णय सुनाने वाले हैं। उद्धव जीरवाल की मदद लेकर सरकार बचाने का हर संभव प्रयास करेंगे। इधर हमेशा की तरह मोदी को कोसने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि गैर-भाजपा कोई भी सरकार अस्तित्व में नहीं रहे। इसके पीछे भाजपा का षडयंत्र है। मेरा व्यक्तिगत मानना है कि परिवारवादी पार्टियों में सामान्य कार्यकर्ताओं की अनदेखी होती है।

## हिंसा,समस्या है ,समाधान नहीं

तनवीर जाफरी

**इस्लाम धर्म** के पैगंबर हजरत मुहम्मद पर भारतीय जनता पार्टी की एक प्रवक्ता द्वारा गत 26 मई को एक न्यूज चैनल में चल रही डिबेट के दौरान की गयी आपत्ति जनक टिप्पणी तथा दिल्ली भाजपा के एक प्रवक्ता द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध किये गये एक आपत्तिजनक ट्वीट को लेकर खड़ा हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। अरब जगत के कई देशों, 57 इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन यानी ओआईसी तथा और कई देशों ने भाजपा प्रवक्ताओं की मुहम्मद साहब को लेकर की गयी टिपण्णी पर न केवल एतराज जताया बल्कि कुछ देशों ने भारत से माफी मांगने को भी कहा। जबकि कुछ देशों ने उनके अपने देशों में बिक रहे भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने की भी घोषणा की। हालांकि भारत सरकार ने अरब देशों को ये समझाने का प्रयास किया कि इन दोनों नेताओं के बयान का भारत सरकार के रूख व आधिकारिक नीतियों से कोई वास्ता नहीं है। भारत सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करने वाला देश है। और अपने इसी स्टैंड को स्पष्ट करते हुये सत्तारूढ़ भाजपा ने अपने इन दोनों ही नेताओं को पार्टी से यह कहते हुये निष्कासित भी कर दिया कि इन नेताओं के बयान सरकार व पार्टी की सोच को प्रतिबिंबित नहीं करते और यह नेता हाशिये पर गये हुये लोग हैं। यह विवाद इतना बढ़ा कि भारत में गत शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड आदि राज्यों के विभिन्न शहरों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा इन विवादित नेताओं के विरुद्ध नारेबाजी की गयी व प्रदर्शन किये गये। बंगाल,रांची व इलाहबाद जैसे कई शहरों में तो इन प्रदर्शनों ने हिंसक रूप धारण कर लिया। आये दिन अल्पसंख्यकों पर जुल्म ढाने वाला देश पाकिस्तान भी भारतीय अल्पसंख्यकों व पैगंबर की हमदर्दी में खड़ा दिखाई दिया। गौरतलब है कि पाकिस्तान स्वयं में ही एक ऐसा बदनाम व अनियंत्रित देश है जहां न तो वहां का अल्पसंख्यक स्वयं को सुरक्षित महसूस करता है न ही वहां अल्पसंख्यकों के आराधना स्थल सुरक्षित हैं। उपद्रवियों द्वारा पाकिस्तान में अनेक बार मंदिर,गुरद्वारों,इमामबार गाहों व दरगाहों पर हिंसक आक्रमण किये जा चुके हैं । इस ताजातरीन विवाद में भी पाकिस्तान में कराची के कोरंगी क्षेत्र में गत 8 जून को मारी माता मंदिर नामक एक हिन्दू धर्मस्थान में आधा दर्जन से अधिक सशस्त्र गुंडे बंदूकों के साथ मंदिर परिसर में घुस गए। उन्होंने मंदिर में तोड़फोड़ की और एक मूर्ति को भी तोड़ दिया गया। आरोप है कि गुंडों ने पहले हनुमान मंदिर को तोड़ा, उसके बाद गणेश मंदिर को तोड़ा। स्थानीय हिन्दू समुदाय के लोगों का कहना है कि वे अपने परिवारों व समुदाय के साथ 1961 से इस क्षेत्र में रह रहे हैं परन्तु यहां पहले कभी ऐसा हादसा नहीं हुआ। पाकिस्तान में तो अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के अपहरण,जबरन धर्म परिवर्तन तथा जोर जबरदस्ती शादीयाँ करने की भी खबरें आती रहती हैं। परन्तु आश्चर्य है कि वही पाकिस्तान भारत विरोध का मौका पाते ही भारत को नसीहत देने लगा ? हद तो यह है कि अफगानिस्तान जैसे कट्टरपंथी तालिबान शासित देश जो कि मानवाधिकार उल्लंघन और कट्टरपंथी सोच को लेकर पूरे विश्व में कुख्यात है। महात्मा बुद्ध जैसे विश्व शांति दूत की विश्व की सबसे विशाल प्रतिमाओं को तोपों से जिन तालिबानों ने ध्वस्त किया हो आज वह भी भारत को 'प्रवचन' देने वालों की पंक्ति में खड़ा दिखाई दे रहा है ? इसमें कोई शक नहीं कि भारत में वर्तमान सत्तारूढ़ दल भाजपा अपने रूढ़ीवादी विचारों के प्रति पूर्वाग्रही दृष्टिकोण रखती है। परन्तु भाजपा के सत्ता में होने के बावजूद समग्र भारत का दृष्टिकोण आज भी गांधीवादी तथा सर्व धर्म समभाव का ही है। भाजपा को भारत में अल्पसंख्यकों से कहीं अधिक भारतीय उदारवादी हिन्दू समुदाय के लोगों का ही वैचारिक विरोध झेलना पड़ता है। लिहाजा भारतीय मुसलमानों को किसी ओ आई सी या पाकिस्तान व अफगानिस्तान जैसे तानाशाह,क्रूर व अल्पसंख्यक विरोध व अल्पसंख्यकों के धर्मस्थलों व आराध्यों का अपमान व निरादर करने वाले देशों की ओर देखने व उनके बहकावे में आने की कोई जरुरत नहीं है।

## ब्रिक्स: भारत का मध्यम मार्ग

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

ब्रिक्स यानी ब्राजील, एशिया, इंडिया, चाइना और साउथ अफ्रीका। इन देशों के नाम के पहले अक्षरों को जोड़कर इस अंतरराष्ट्रीय संगठन का नाम रखा गया है। इसका 14 वां शिखर सम्मेलन इस बार पेइचिंग में हुआ, क्योंकि आजकल चीन इसका अध्यक्ष है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन नहीं गए लेकिन इसमें उन्होंने दिल्ली में बैठे-बैठे ही भाग लिया। उनके चीन नहीं जाने का कारण बताने की जरूरत नहीं है, हालांकि गलवान-विवाद के बावजूद चीन-भारत व्यापार में इधर काफी वृद्धि हुई है। ब्रिक्स के इस संगठन में भारत अकेला ऐसा राष्ट्र है, जो दोनों महाशक्तियों के नए गठबंधनों का सदस्य है। भारत उस चौगुटे का सदस्य है, जिसमें अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया भी सम्मिलत हैं और उस नए चौगुटे का भी सदस्य है, जिसमें अमेरिका, इस्त्राइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सदस्य हैं। चीन खुलेआम कहता है कि ये दोनों गुट शीतयुद्ध-मानसिकता के प्रतीक हैं। ये अमेरिका ने इसलिए बनाए हैं कि उसे चीन और रूस के खिलाफ जगह-जगह मोर्चे खड़े करने हैं। यह बात चीन के नेता शी चिन फिंग ने ब्रिक्स के इस शिखर सम्मेलन में भी दोहराई है लेकिन भारत का रवैया बिल्कुल मध्यममार्गी है। वह न तो यूक्रेन के सवाल पर रूस और चीन का पक्ष लेता है और न ही अमेरिका का। इस शिखर सम्मेलन में भी उसने रूस और यूक्रेन में संवाद से सारे विवाद को हल करने की बात कही है, जिसे संयुक्त वक्तव्य में भी उचित स्थान मिला है। इसी तरह मोदी ने ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच बढ़ते हुए पारस्परिक सहयोग की नई पहलों का स्वागत किया है। उन्होंने जिस बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया है, वह है- इन राष्ट्रों की जनता का जनता से सीधा संबंध। इस मामले में भारत के पड़ोसी दक्षेस (सार्क) के देशों का ही कोई प्रभावशाली स्वायत्त संगठन नहीं है तो ब्रिक्स और चौगुटे देशों की जनता के सीधे संपर्कों का क्या कहना?

## राहिल गंगजी कोरिया ओपन में 29वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय

**चिओनान (कोरिया)।** भारत के राहिल गंगजी यहां कोलोन कोरिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में एक ओवर 72 के स्कोर के साथ भारतीयों के बीच सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 29वें स्थान पर चल



रहे हैं। गंगजी 15 होल के बाद शीर्ष पांच में चल रहे थे लेकिन अंतिम तीन होल में बोगी में साथ वह नीचे खिसक गए।

गगनजीत भुल्लर दो ओवर 73 के स्कोर के साथ संयुक्त 48वें स्थान पर चल रहे हैं जबकि वीर अहलावत (78) और हनी बैसोया (80) क्रमशः संयुक्त 120वें और संयुक्त 133वें स्थान पर चल रहे हैं। अहलावत और बैसोया दोनों पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। अमेरिका के 35 साल के स्युंगसू हान ने तीन अंडर 68 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

## सिंगापुर तैराकी : नटराज, आंब्रे और गौड़ा को स्वर्ण

**सिंगापुर।** टोक्यो ओलिम्पिक में हिस्सा लेने वाले श्रीहरि नटराज और माना पटेल ने सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारत ने पहले दिन पांच पदक




अपनी झोली में डाले। प्रतिभावान तैराक मिहिर आंब्रे ने 50 मीटर बटरफ्लाई जबकि अनीष गौड़ा ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल का खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले इस तैयारी प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने तीन स्वर्ण पदक जीते। शिवा श्रीधर ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 57.58 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक से कुल पांच पदक जीते।

ओलंपिक मानक समय हासिल करने वाले सबसे युवा भारतीय तैराक नटराज ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 55.32 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिला 100 मीटर बैकस्ट्रोक में माना ने एक मिनट 4.47 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता। आंब्रे ने 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24.66 सेकेंड का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जबकि गौड़ा ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल में आठ मिनट 14.08 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया।

## भारत को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**दांबुला।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले टी20 में 34 रन से जीत दर्ज करके दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय टीम शनिवार को अब न सिर्फ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी बल्कि अपने कमजोर पक्षों पर गौर करके बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जीत की लय जारी रखने का प्रयास भी करेगी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को टी20 प्रारूप में शामिल किया गया है। भारत पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 138 रन ही बना पाया था लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से वह जीत दर्ज करने में सफल रहा। लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। शैफाली वर्मा (31 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) और ऋचा घोष (11) सभी को अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ केएल राहुल का बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका : मांजरेकर

**मुंबई ।** भारत एक से पांच जुलाई के बीच इंग्लैंड के साथ एक मात्र टेस्ट मैच खेलेगा जो 2021 की पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का हिस्सा है। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा है और भारत के पास 2-1 की बढ़त है। भारतीय टीम में केएल राहुल नहीं है जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले चोटिल हो गए थे। ऐसे में युवा शुभमन गिल 1-5 जुलाई से बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर का मानना ??है कि एजबेस्टन में भारत के लिए बल्लेबाजी एक बड़ी चुनौती होगी और राहुल के ना होने को एक ÷बड़ा झटका÷ कहा।

उन्होंने कहा, यह केएल राहुल और रोहित शर्मा का उल्लेखनीय प्रयास था जिससे भारत को 2-1 से बढ़त बनाने में मदद की। इस बार केएल राहुल के ना होने के साथ यह भारत के लिए एक बड़ा झटका है। लेकिन श्रेयस अय्यर के चयन से उम्मीद है, अगर उन्हें एक मैच मिलता है तो, हनुमा विहारी,




चेतेश्वर पुजारा भी वापसी कर रहे हैं। मांजरेकर ने कहा, भारत के पास उस जगह को भरने के लिए संसाधन हैं। लेकिन जब आप भारत की सीम गेंदबाजी को देखते हैं तो वहां दो स्पिनरों के अलावा चुनने के लिए गुणवत्ता विकल्प भी हैं। पिछली बार की तरह बल्लेबाजी करना बड़ी चुनौती होगी। लीसेस्टरशायर के खिलाफ उनके चार दिवसीय दौरे के पहले दिन शीर्ष छह बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने से मांजरेकर के विचारों के अनुसार भारतीय खेमे में चिंता हो सकती है। चौकस रहने के बाद शर्मा गेंद को हुक करने की कोशिश करते हुए गिर गए, विराट कोहली गेंद को मिस करने के बाद एलबीडब्ल्यू हो गए, फ्लिक के लिए जाते समय हनुमा विहारी पहली स्लिप में फंसे, रवींद्र जडेजा एक इनस्विंगर द्वारा स्टंप के सामने फंस गए जबकि शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर अपने दूर निकल गए।

उन्होंने कहा कि भारत ने इंग्लैंड में लंबे समय से एक भी नहीं खेला है क्योंकि वे एक साल बाद वहां जा रहे हैं। टीम प्रबंधन और हम सभी जानते हैं कि भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती कम से कम 300 रन बनाना है। उन्होंने कहा कि टीम की जो भी योजना बनाई गई है, वे हमेशा बल्लेबाजी के मुद्दों को संबोधित करने की तलाश में रहेंगे और केएल राहुल के भारत के लिए एक बड़ा झटका होने के साथ यदि आप शीर्ष पांच या छह को देखते हैं तो आप बल्लेबाजी के बारे में चिंतित हैं। ऐसी स्थिति नहीं है जहां आपके पास नंबर तीन, चार, पांच सभी शानदार फॉर्म और हालिया फॉर्म में विदेशी परिस्थितियों में खेल रहे हों।

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम की घोषणा

**ग्रोस आइलेट।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है और टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में शुरुआती टेस्ट में सात विकेट से जीत दर्ज करने के बाद वेस्टइंडीज ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

शुरुआती मुकाबले में तेज गेंदबाज केमार रोच को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उसने 74 रन देकर 7 विकेट अपने नाम किए जिसमें दूसरी पारी में 53 रन देकर पांच विकेट भी शामिल थे। इसने उन्हें अपने करियर में 249 विकेटों तक पहुंचाया और उन्होंने महान माइकल होल्डिंग के साथ संयुक्त छठे स्थान को साझा किया जो वेस्टइंडीज के विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में शामिल थे। वह नवीनतम आईसीसी टेस्ट मैच गेंदबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर वेस्टइंडीज के अग्रणी गेंदबाज भी हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य चयनकर्ता ने कहा डेसमंड हेन्स, हमारे पास खिलाड़ियों का एक समूह है जो बहुत अनुशासित हैं और 100 प्रतिशत दे रहे हैं। हमारे लिए गेंदबाजों ने पहले टेस्ट मैच में वास्तव में कड़ी मेहनत की।




एंटीगुआ में बहुत अच्छी जीत थी। टीम ने वास्तव में अच्छा खेला और दूसरे मैच के लिए सेंट लूसिया में जाने के लिए वास्तव में आत्मविश्वास से भरी होगी। हम बांग्लादेश को हल्के में नहीं ले सकते, उन्होंने भी वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और काफी अनुशासित थे। मुझे पता है कि हम दूसरा मैच जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, केमार एक लीजेंड हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपने करियर की शानदार शुरुआत की, फिर कुछ चोटें आईं, फिर उन्होंने वापस काम किया और हमारे प्रमुख गेंदबाज हैं। वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। मैं न केवल मैदान पर बल्कि जिस तरह से वह युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करता रहा है और जिस तरह से वह टीम के अन्य सदस्यों के साथ बातचीत कर रहा है, उसके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (उप-कप्तान) नक्रमाह बोनर, जॉन कैंपबेल, जोशुआ डा सिल्वा, अल्जारी जोसेफ, काइल मेयर्स, गुडकेश मोती, एंडरसन फिलिप्स, रेमन रीफर, केमार रोच, जेडन सील्स, डेवोन थॉमस।

## भारत के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज से बाहर हुए इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद




**लंदन ।** इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद भारत के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में शामिल नहीं होंगे क्योंकि वह हज यात्रा के लिए मक्का जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इंग्लैंड एक जुलाई से टेस्ट मैच के साथ शुरू होने वाली एक बहु-प्रारूप श्रृंखला में भारत के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 7 से 17 जुलाई तक सीमित ओवरों के मैच खेले जाएंगे। राशिद यॉर्कशायर के टी20 ब्लास्ट अभियान के बाद के चरणों में भी नहीं खेल पाएंगे और उन्हें ईसीबी और यॉर्कशायर द्वारा छुट्टी दी गई है। एक रिपोर्ट में राशिद के हवाले से कहा गया कि मैं इसे थोड़ी देर के लिए करना चाहता था, लेकिन मैंने इसे समय के साथ बहुत मुश्किल पाया। इस साल मुझे लगा कि यह कुछ ऐसा है जो मुझे करना था और कुछ ऐसा जो मैं करना भी चाहता था, मैंने इसके बारे में ईसीबी और यॉर्कशायर से बात की और वे बहुत समझदार और उत्साहजनक थे, जैसे, 'हां, आप वही करते हैं जो आपको करने को मिला है और फिर आप वापस आएं। मैं और मिसस (पत्नी) जा रहे हैं और मैं 'कुछ हफ़्ते के लिए वहाँ रहेंगे।

राशिद ने कहा, यह एक बड़ा क्षण है, प्रत्येक धर्म की अपनी अलग चीज होती है लेकिन इस्लाम के लिए और एक मुसलमान होने के नाते यह सबसे बड़ी में से एक है। यह मेरे विश्वास और मेरे लिए एक बड़ी बात है। मुझे पता था कि मुझे इसे तब तक करने की जरूरत है जब तक मैं युवा और मजबूत और स्वस्थ हूं। यह ऐसा कुछ है जो मैंने वास्तव में अपने लिए प्रतिबद्ध किया है कि मैं करूंगा। लेग स्पिनर शनिवार को मध्य पूर्व के लिए उड़ान भरेगा और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की सफेद गेंद की श्रृंखला से पहले जुलाई के मध्य में लौटने की उम्मीद है।

## फीफा विश्व रैंकिंग में भारत को दो पायदान का फायदा, अब 104वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली ।** भारतीय फुटबॉल टीम को एशियाई कप क्वालिफिकेशन में प्रभावशाली प्रदर्शन का फायदा जारी ताजा फीफा विश्व रैंकिंग में मिला, जिसमें वह दो पायदान के फायदे से 104वें स्थान पर पहुंच गई। भारतीय टीम न्यूजीलैंड (103) से एक पायदान नीचे है जो इस महीने के शुरू में अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में कोस्टारिका से 0-1 से हारने के कारण विश्व कप में जगह



बनाने से चूक गया था। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के सदस्यों में भारत पहले की तरह 19वें स्थान पर बना हुआ है। ईरान कुल 23वें स्थान और एएफसी देशों में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम ने इस महीने की शुरुआत में एशियाई कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और ग्रुप डी में अपने तीनों लीग मैच जीतकर 2023 में होने वाले 24 टीम के फाइनल्स में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद बेल्जियम, अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड, स्पेन, इटली, नीदरलैंड, पुर्तगाल और डेनमार्क का नंबर आता है। फीफा की अगली रैंकिंग सूची 25 अगस्त को जारी होगी।

# फिर मैदान पर टिके मिशेल-ब्लंडेल, स्कोर 225/5

**लीड्स।** डैरिल मिशेल (78 नाबाद) और टॉम ब्लंडेल (45 नाबाद) की जोड़ी ने एक बार फिर मुसीबत में फंसी न्यूजीलैंड को बचाते हुए लीड्स टेस्ट के पहले दिन कीवी टीम को 225 रन तक पहुंचाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम का विकेट शून्य रन पर खो दिया। लैथम के साथी विल यंग भी 42 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान केन विलियमसन ने 31(64) और




डेवन कॉनवे ने 26(62) रन बनाए। महज 83 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद हेनरी निकोल्स और डैरिल मिशेल ने न्यूजीलैंड की पारी को संभालते हुए 50 रन की साझेदारी की, लेकिन निकोल्स बेहद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से अपना विकेट गंवा बैठे। पारी के 56वें ओवर में निकोल्स ने जैक लीच की गेंद को सीधा मारना चाहा, लेकिन वह नॉन-स्ट्राइकर छोर पर खड़े मिशेल के बल्ले से छिटककर मिड-विकेट पर मौजूद एलेक्स लीस के हाथों में समा गयी।निकोल्स के आउट होने के बाद क्रीज़ पर आये टॉम ब्लंडल ने मिशेल के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों के बीच 102 रन की साझेदारी हुई और दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने 5 विकेट के नुकसान पर 225 रन बना लिए। मिशेल 78 रन बनाकर और ब्लंडेल 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड की ओर से स्टूअर्ट ब्रॉड और जैक लीच ने 2-2 विकेट लिए हैं जबकि इंग्लैंड के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे जेमी ओवरटन ने एक विकेट हासिल किया।

# राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला हॉकी टीम घोषित, रानी रामपाल फिर बाहर

**नई दिल्ली।** भारत ने आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का चयन किया जिसमें फिर से स्टार स्ट्राइकर रानी रामपाल को बाहर रखा गया है क्योंकि वह चोट के बाद पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं कर पायी हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम अगले महीने विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीम के समान ही है।

गोलकीपर सविता पूनिया टीम की कप्तान होंगी जबकि अनुभवी डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चलने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उप कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। दोनों खिलाड़ी विश्व कप में भी यही भूमिका निभायेंगी जिसकी सह मेजबानी एक से 17 जुलाई तक नीदरलैंड और स्पेन कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम के लिए विश्व कप टीम में सिर्फ तीन




बदलाव किये गये हैं। रजनी इतिमार्पू को बीचू देवी खरीबाम की जगह दूसरी गोलकीपर के तौर पर रखा गया है जबकि विश्व कप टीम सदस्य सोनिका (मिडफील्डर) को राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल नहीं किया गया है।

फॉरवर्ड संगीता कुमारी को विश्व कप के लिये स्थानापन्न खिलाड़ियों में से एक चुना गया था लेकिन वह राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में पूर्ण सदस्य के तौर पर शामिल हैं।

भारत को पूल ए में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 28 जुलाई को घाना के खिलाफ करेगा।

**राष्ट्रमंडल खेलों के लिये भारतीय महिला हॉकी टीम :**

**गोलकीपर :** सविता (कप्तान), रजनी इतिमार्पू

**डिफेंडर :** दीप ग्रेस एक्का (उप कप्तान), गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता

**मिडफील्ल्डरः** निशा, सुशीला चानू, पुखराम्बाम, मोनिका, नेहा, ज्योति, नवजोत कौर, सलीमा टेटे

**फॉरवर्ड :** वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, शर्मिला देवी और संगीता कुमारी।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल : यश दुबे का नाबाद शतक, मध्य प्रदेश ने मुंबई पर दबाव बनाया

**बेंगलुरू।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भारतीय राष्ट्रीय टेस्ट टीम में तत्काल वापसी करने के लिए चेतेश्वर पुजारा की प्रशंसा की है। श्रीलंका के खिलाफ भारत की आखिरी टेस्ट श्रृंखला के लिए अनुभवी बल्लेबाज को हटा दिया गया था, लेकिन खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित टेस्ट मैच के लिए वापस आ गया है।

कैफ ने युवाओं को सलाह दी कि पुजारा की कड़ी मेहनत और राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद उनकी पसंद उनसे सीखने वाली चीजें हैं। उनका यह भी मानना ??है कि अनुभवी खिलाड़ी पहली जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा। कैफ ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा, आप पुजारा से बहुत कुछ सीख सकते हैं। अगर आप ड्रॉप हो



जाते हैं तो बल्लेबाज के तौर पर आपको क्या करना होगा? आप काउंटी वापस जाते हैं, आप रणजी वापस जाते हैं और आप रन बनाते हैं और मेरा मतलब है, शतक और शतक बनाते हैं। उन्होंने ऐसा किया है। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि वह किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए एक उदाहरण है जिसे बाहर कर दिया गया है और कैसे वापसी करनी है। शायद आपको वापस जाना चाहिए और देखना चाहिए कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में क्या किया है। वह भारत के लिए भी शानदार खिलाड़ी रहे हैं। मुझे लगता है कि वह भारत के लिए नंबर 3 पर खेलेंगे। गौर हो कि इस 34 वर्षीय टेस्ट विशेषज्ञ जनवरी 2019 से शतक बनाने में विफल रहे हैं और उनके खराब प्रदर्शन के कारण जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के बाद उन्हें भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया। वह अपनी घरेलू टीम सौराष्ट्र में फिर से शामिल हुए और रणजी ट्रॉफी 2022 के तीन मैचों में दो अर्द्धशतक बनाए। खिलाड़ी फरवरी में इंडियन प्रीमियर लीग 2022 मेगा-नीलामी में अनसोल्ड रहे और ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए इंग्लैंड चले गए। पुजारा ने ससेक्स के साथ बेहद सफल सत्र खेला और आठ पारियों में 120.0 की प्रभावशाली औसत से 720 रन बनाए।

# भारत में हो सकता है 2036 ओलंपिक का आयोजन, रूस बोला- मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारत को 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी का मौका मिल सकता है। रूस से कहा है कि 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करने में वह भारत की मदद करेगा। अगर भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी का मौका मिलता है तो पहली बार ओलंपिक खेलों का आयोजन भारत में होगा। यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस को वैश्विक तौर पर खेल जगत से बहिष्कृत किया गया है। ऐसे में रूस भारत की मदद के लिए तैयार है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ही इस बारे में अंतिम फैसला लेगी कि 2036 ओलंपिक की मेजबानी किसे दी जाएगी। हालांकि, इस बारे में कोई ठोस आधिकारिक कदम नहीं उठाए गए हैं, भारत ने अहमदाबाद में 2036 खेलों की मेजबानी के लिए बार-बार अपनी इच्छा जताई है। पिछले साल, भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने एक अनूठी बोली का प्रस्ताव रखा था, जिसमें अहमदाबाद को केन्द्र में रखकर आसपास के शहरों में ओलंपिक के आयोजन की बात कही गई थी। दो महीने पहले, गुजरात के महाधिवक्ता कमल त्रिवेदी ने गुजरात उच्च न्यायालय को बताया था कि 'हम 2036 के ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं और 2025 में ओलंपिक समिति यहां का दौरा करेगी'। नरेंद्र मोदी स्टेडियम के उद्घाटन के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि यह परिसर ओलंपिक की मेजबानी करने में सक्षम है। भारत की अपनी यात्रा के दौरान, मैटिसिन ने एक मीडिया हाउस को बताया कि रूस बहुत खुश है कि भारत ओलंपिक खेलों की मेजबानी की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने कहा ÷अगर ओलंपिक खेलों की मेजबानी जैसा सपना सच होता है, तो यह देश के स्थिर विकास के लिए एक और मानदंड होगा। हम हमेशा बातचीत के लिए तैयार हैं और ओलंपिक खेलों की मेजबानी के अपने अनुभव को साझा करने के लिए तैयार हैं, और हमने ऐसा कई बार किया है, इसलिए यदि कोई निर्णय लिया जाता है, तो रूसी विशेषज्ञ भारत में ओलंपिक खेलों के आयोजन में मदद करने में प्रसन्न होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मैटिसिन ने विश्व फुटबॉल रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज रूस और 108वें स्थान पर मौजूद भारत के बीच एक दोस्ताना फुटबॉल मैच का प्रस्ताव भी रखा। क्रोएशिया के पूर्व राष्ट्रपति कोलिंडा ग्रैबर-कितारोविक आईओसी आयोग के प्रमुख हैं जो 2036 खेलों के लिए मेजबान शहर का चयन करेगा। इसका चयन 2025 और 2029 के बीच किया जाएगा। रूस उन देशों में से एक था जिसने 2036 ओलंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाई थी। हालांकि, यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस इस रेस से हट चुका है। मैटिसिन ने बताया कि 25 मई तक, अंतरराष्ट्रीय खेल संगठनों ने 2022-2023 के दौरान रूस में होने वाले 186 अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों को रद्द या स्थगित कर दिया है, जिसमें 36 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन शामिल हैं।

# विदेश संदेश

## जयशंकर ने रवांडा में भारतीयों को सुनाई देश की विकास गाथा




**रवांडा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रवांडा में बसे भारतीयों से मुलाकात की और उन्हें देश की विकास गाथा सुनाई। द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में उनके योगदान की सराहना भी की और इस पूर्वी अफ्रीकी देश की अपनी यात्रा के दौरान यहां समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए भारत की प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने रवांडा के विदेश मंत्री विन्सेंट बिरुटा के साथ शुक्रवार से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा भी की।

जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वीं बैठक (चोगम) में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। वह 24-25 जून को 54 देशों के ब्लॉक के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, मेरे मेजबान रवांडा के विदेश मंत्री विन्सेंट बिरुटा से मुलाकात कर दिन की शुरुआत की। द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2018 यात्रा के बाद हुई संबंधित प्रगति पर चर्चा की। राष्ट्रमंडल एजेंडे पर चर्चा की और रवांडा में सफल शिखर सम्मेलन की कामना की। क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। 26वें चोगम शिखर सम्मेलन का विषय 'एक साझा भविष्य प्रदान करनाः जुड़ाव, सुधार, परिवर्तन' है।

इससे पहले जयशंकर ने केन्या के विदेश मामलों के कैबिनेट सचिव रेशेल ओमामो से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, केन्या के मेरे दोस्त रेशेल ओमामो से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमारी चर्चा खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव पर केंद्रित रही। उन्होंने लिखा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमारे चल रहे सहयोग की पुनः पुष्टि की। जयशंकर ने बेलीज के विदेश मंत्री से भी मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, रवांडा में चोगम 2022 के दौरान बेलीज के विदेश मंत्री इमोन कर्टेन से मिलकर खुशी हुई। भारतीय मदद से निर्मित इंजीनियरिंग केंद्र को लेकर खुशी व्यक्त की।

## बातचीत से सुलझाया जाए यूक्रेन मामला, आतंकवाद के लिए न हो अफगान जमीन का इस्तेमाल




**बीजिंग।** चीन में हो रहे ब्रिक्स सम्मेलन में आज घोषणापत्र जारी किया गया। इसमें खास तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र करते हुए बातचीत से मामला सुलझाने पर जोर दिया गया है। इसमें कहा गया है, हम सभी राज्यों की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मतभेदों, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हैं। घोषणापत्र में कहा गया है कि ब्रिक्स देश रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता का समर्थन करते हैं। अफगानिस्तान के मुद्दे पर कहा गया है कि हम इसकी संप्रभुता, स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर जोर देते हुए एक शांतिपूर्ण, सुरक्षित और स्थिर अफगानिस्तान का पुरजोर समर्थन करते हैं। किसी भी देश को धमकाने या हमला करने या आतंकवादियों को पनाह देने या प्रशिक्षित करने के लिए अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने हिस्सा लिया। घोषणापत्र में कहा गया कि हम सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवाद और परामर्श के माध्यम से देशों के बीच मतभेदों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भी अपनी प्रतिबद्धता पर बल देते हैं। संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी अनुकूल प्रयासों का समर्थन करते हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी गतिरोध और यूक्रेन पर रूसी हमले के मद्देनजर मतभेदों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का संदर्भ महत्वपूर्ण है। घोषणापत्र में कहा गया कि हमने यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की और यूएनएससी तथा यूएनजीए जैसे उपयुक्त मंचों पर व्यक्त की गई अपनी राष्ट्रीय रुख को दोहराया। हम रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता का समर्थन करते हैं।

## मैक्सिको में शूटआउटः सुरक्षाबलों पर बंदूकधारियों ने की गोलीबारी; 9 अपराधी मारे गए, 4 पुलिसकर्मियों की भी मौत

**जलिस्को स्टेटः** मैक्सिको के जलिस्को स्टेट में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ एल साल्टो शहर में हुई। 9 अपराधी और 4 पुलिस अफसर मारे गए।

गवर्नर एनरिक अल्फारो ने इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा- पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सेफहाउस में दो लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। हथियार भी छिपाए गए हैं। जिसके बाद पुलिस कार्रवाई के लिए पहुंची।

**2022 में अब तक 10 पुलिसकर्मी मारे गए**

उन्होंने कहा- यहां पहले से मौजूद अपराधियों ने गोलीबारी शूरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में 9 अपराधियों को मार गिराया। इनमें एक महिला भा



शामिल थी। इस दौरान 4 पुलिस अफसर भी मारे गए। पुलिस ने कुछ अपराधियों को गिरफ्तार भी किया है। हथियार जब्त कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि 2022 में अब तक ऐसी घटनाओं में 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है।

**आपराधिक घटनाएं रोकने अर्मी को तैनात किया**

मैक्सिको के जिस इलाके में गोलीबारी हुई, वहां ड्रग डीलर और गैंगवार का आतंक रहता है। यहां में पुलिस और नशीली चीजों का कारोबार करने वाले 'जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टल' समूह के बीच सालों से हिंसक झड़पें होती रही हैं। सरकार ने ड्रग माफियाओं के सफाए के लिए यहां 2006 में आर्मी तैनाती की थी। तब से अब तक इन हिंसक घटनाओं में 3 लाख से ज्?यादा लोग अपनी जान गवां चुके हैं।

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का आदेश- गन रखना मौलिक अधिकारःएक सदी पुराने न्यूयॉर्क गन कानून को रद्द किया

**वाशिंगटनः** अमेरिका में आए दिन हो रही मॉब फायरिंग की घटनाओं से वहां खुलेआम बंदूक लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाने की मांग तेज हो गई थी। इस बीच न्यूयॉर्क स्टेट राइफल एंड पिस्टल एसोसिएशन बनाम ब्रूएन केस पर फैसला सुनाते हुए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अमेरिकियों को गन लेकर चलने पर रोक नहीं लगाई जा सकती। न ही इसमें कोई टर्म जोड़ा जा सकता है। गन लेकर चलना अमेरिकियों का मौलिक अधिकार है।

अमेरिका में हाल ही में हुई मास शूटिंग की घटनाओं के चलते गन कंट्रोल की मांग को लेकर प्रदर्शन चल रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक सदी से भी अधिक समय पहले बनाए गए न्यूयॉर्क गन कानून को रद्द कर दिया। उस कानून के तहत लोग घर के बाहर बगैर लाइसेंस हथियार नहीं ले जा सकते थे। यह गन अधिकारों के लिहाज से बड़ी व्यवस्था है। कोर्ट के न्यायाधीशों का फैसला 6-3 के मत विभाजन के आधार पर आया। जस्टिस क्लेरेंस थॉमस ने लिखा, 'न्यूयॉर्क उन आवेदकों को सार्वजनिक रूप से गन लेकर चलने का लाइसेंस जारी करता है, जो आत्मरक्षा के लिए ऐसा करने की मंजूरी मांगते हैं। राज्य की ये लाइसेंसिंग व्यवस्था



संविधान का उल्लंघन करती है।' यह पहली बार है जब निजी तौर पर गन रखने के संवैधानिक अधिकार को लेकर कोर्ट ने ये टिप्पणी करते हुए कहा कि यह अधिकार सार्वजनिक जगहों पर हथियार ले जाने की इजाजत भी देता है। इस फैसले के बाद लोग न्यूयॉर्क, लॉस एंजिलिस तथा बोस्टन समेत अमेरिका के बड़े शहरों के साथ अन्य जगहों की सड़कों पर कानूनन हैंडगन लेकर चल सकेंगे। अमेरिका की एक चौथाई आबादी उन राज्यों में रहती है, जहां ये व्यवस्था प्रभावी होगी। यह एक दशक से भी अधिक समय में सुप्रीम कोर्ट का गन कल्चर को लेकर पहला निर्णय है। अदालत की व्यवस्था ऐसे समय आई है जब टेक्सास, न्यूयॉर्क और कैलिफोर्निया में हाल ही में हुई सामूहिक गोलीबारी के बाद कांग्रेस हथियार कानून पर सक्रियता से काम कर रही है सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से राष्ट्रपति जो बाइडेन नाराज हैं। उनका कहना है कि यह बिना कॉमन सेंस के लिया गया फैसला है। सभी को इस फैसले पर सभी को आपत्ति होनी चाहिए। बाइडेन गन कल्चर को खत्म करना चाहते थे। उनका मत था कि या तो गन कल्चर खत्म हो या बंदूक खरीदने की उम्र 18 साल से बढ़ाकर 21 साल कर दी जाए।

## भूकंप के बाद अकेली बची बच्ची की तस्वीर हो रही वायरल, यूजर्स दे रहे भावुक कर देने वाली प्रतिक्रिया

**काबुलः** अफगानिस्तान में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। यहां 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था। इसके बाद चारों तरफ बर्बादी और तबाही का ही आलम दिखाई दिया। अफगानिस्तान में 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैं, वहीं हजारों लोग घायल बताए जा रहे हैं। अफगानिस्तान में भूकंप से हुई जानमाल की क्षति और तबाही पर वैश्विक समुदाय ने दुख व्यक्त किया है। इस बीच अफगानिस्तान की एक बच्ची की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,कहा जा रहा है कि बुधवार को आए भूकंप के बाद यह बच्ची अपने परिवार की आखिरी जीवित सदस्य है। बच्ची की फोटो में उसके चेहरे पर मिट्टी लगी दिख रही है। इसके अलावा बैकग्राउंड में भूकंप के कारण क्षतिग्रस्त घर दिख रहा है।

इस फोटो को वहां के एक पत्रकार ने ट्वीटर पर पोस्ट किया है। जिसमें फोटो के साथ उन्होंने लिखा कि 'यह बच्ची संभवतः अपने परिवार की बची शायद इकलौती जीवित सदस्य है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने बच्ची के परिवार के जिंदा सदस्यों को खोजने की कोशिश की, यह बच्ची तीन साल की लग रही है।' उनके ट्वीट पर ट्विटर यूजर्स भावुक करने वाली प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

**भारत ने भेजी राहत सामग्री**

अफगानिस्तान के लोगों के लिए भारत की भूकंप राहत सहायता की पहली खेप काबुल पहुंच गई है। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय टीम ने वहां राहत सामग्री की पहली खेप सौंपी। मंत्रालय ने ये भी बताया कि दूसरी खेप भी जल्द भेजी जाएगी। इससे एक दिन पहले पीएम मोदी ने भूकंप से हुई मौतों पर दुख जताया था।

## पहली बार हार्ट अटैक के बाद धड़का दिल, चूहों पर किया गया सफलतापूर्वक परीक्षण

**टेक्सासः** वैज्ञानिकों ने दौरा पड़ने के बाद पहली बार हृदय की कोशिकाओं का उपचार कर उन्हें पुनः जीवित करने में सफलता पाई है। दिल की बीमारियों को ठीक करने की दिशा में काम कर रहे टेक्सास के ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने चूहों पर इसका सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इन्सानों में भी परीक्षण सफल रहा तो हजारों लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

इस प्रयोग में एक सिंथेटिक मैसेंजर राइबोन्यूक्लिक एसिड (एमआरएनए) का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक में एमआरएनए इंजेक्शन डीएनए का एक 'ब्लूप्रिंट' बनाता है, जिसका इस्तेमाल शरीर में प्रोटीन बनाने के उस जगह होता है, जहां पर प्रोटीन हमारी कोशिकाओं को बनाता व नियंत्रित करता है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, नई तकनीक से मांसपेशियों की कोशिकाओं को ठीक और पुनर्जीवित किया गया। एमआरएनए शरीर में प्रोटीन का निर्माण करते हैं, जो कि मांसपेशियों पर हमला करने वाले वायरस को मारने में काफी हद



तक काम करता है।

**इन्सानों की भी बचाई जा सकेगी जान**

इलाज की नई विधिः सफलता की इस सीढ़ी तक इससे पहले कोई नहीं पहुंच सका था। विज्ञान के अनुसार हृदय की मांसपेशियों के दोबारा जीवित होने के आसार एक प्रतिशत से भी कम होते हैं। प्रयोग आगे भी सफल रहा तो इन्सानों के इलाज की नई विधि विकसित होगी। - रॉबर्ट श्वाज, जीव विज्ञानी, ह्यूस्टन विश्वविद्यालय

**ऐसे किया गया परीक्षण**

चूहों पर किए गए इस परीक्षण में टिश्यू कल्चर (जीवों में कोशिकाओं को जीवित रखने की प्रक्रिया) और जीवित चूहों का इस्तेमाल किया गया। इन चूहों में वाईएपी5एसए एक गेमचेंजर की तरह काम करता पाया गया। इस प्रयोग में दिल की बीमारी से जूझ रहे चूहे में म्यूटेशन देखा गया। इंजेक्शन के 24 घंटों में ही मायोसाइट (दिल में पाया जाने वाली एक कोशिका) में 15 गुना तक सुधार दिखाई दिया।

स्टेमिन और वाईएपी5एसए नामक प्रोटीन हृदय की कोशिकाओं (कार्डियोमायोसाइट्स) को सक्रिय कर देते हैं। यह उन मांसपेशियों को जीवित करता है, जिनकी काम करने की क्षमता न के बराबर होती है। स्टेमिन इंजेक्शन स्टेरॉइड्स नामक दवाओं के समूह से संबंधित है।

## यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्जा दिया, दो गांवों पर रूस का कब्जा

**कीव/ब्रुसेल्स।ः** प्रमुख भारतवंशी कानूनी विशेषज्ञयूरोपीय संघ (ईयू) ने सदस्यता के लिए यूक्रेन को आधिकारिक तौर पर उम्मीदवार का दर्जा दे दिया। इससे पहले ईयू के नेता उनके संगठन में शामिल करने के लिए यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्ज देने के लिए तैयार हो गए थे। उधर, रूस-यूक्रेन युद्ध के 120वें दिन रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के दो गांवों पर कब्जा कर लिया है। अब रूस एक प्रमुख राजमार्ग पर कब्जा कर रसद आपूर्ति को काटकर अग्रिम पंक्ति के कुछ यूक्रेनी सैनिकों को घेरना चाहता है। यूरोपीय संघ की पूर्ण सदस्यता के लिए एक लंबे व अप्रत्याशित सफर के लिए यह पहला कदम बढ़ा लिया गया है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यूक्रेनी सैनिकों को लिसिचंस्क शहर के नजदीक कुछ क्षेत्रों से पीछे हटा लिया गया है ताकि घेराबंदी की आशंका टाली जा सके। यहां पर रूसी सैनिक भारी गोलाबारी कर रहे हैं। उधर यूक्रेनी थलसेना प्रमुख ने कहा कि रूसी सैनिकों ने लोसकुतीवका और राई-ओलेक्सांद्रीवका गांवों पर कब्जा क र लिया है। वे अब सेवेरोदोनेस्क के बाहर सारोटाइन



पर कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, ब्रुसेल्स से संकेत हैं कि यूक्रेन का ईयू सदस्यता के लिए दावेदार बनना अब तय सा हो चुका है।

ब्रुसेल्स में होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले नाम उजागर नहीं करने की शर्त के साथ यूरोपीय संघ के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन के पक्ष में सर्वसम्मत अनुमोदन होगा जो चर्चा शुरू करने के लिए जरूरी है। ईयू के 27 राष्ट्र रूसी हमले के खिलाफ यूक्रेन के प्रतिरोध का समर्थन करने, मॉस्को के खिलाफ अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंधों को स्वीकार करने में एकजुट हैं। जर्मनी ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए त्रिस्तरीय आपात योजना के दूसरे चरण में पहुंचने की घोषणा की और चेतावनी है कि रूस की तरफ से कम होती आपूर्ति के चलते सर्दी के लिए भंडारण लक्ष्यों को लेकर खतरा पैदा हो गया है। सरकार ने कहा कि 14 जून से रूस की ओर से आपूर्ति में कटौती और बाजार में गैस के दामों में उछाल के चलते उसे 'चिंताजनक' स्तर की चेतावनी जारी करनी पड़ी है।

## रूस में सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**यारोस्लाव।** रूस में रियाजान शहर के पास एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हवाई हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय अधिकारियों ने प्रारंभिक सूचनाओं के आधार पर बताया है कि रियाजान के मिखाइलोवस्कॉय रोड-वे के पास विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है और पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है। रियाजान शहर रूस का प्रशासनिक केंद्र है। यह वोल्गा नदी की सहायक नदी ओका नदी के तट पर स्थित है। यह मास्को के दक्षिणपूर्व में लगभग 170 किलोमीटर दूर है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## इमरान खान को अदालत से राहत, 15 मामलों में मिली अंतरिम जमानत

**इस्लामाबाद।** सत्ता से हटने के बाद तमाम मुकदमों व अदालती कार्रवाई का सामना कर रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अदालत से बड़ी राहत मिली है। उन्हें 15 मामलों में छह जुलाई तक अंतरिम जमानत मिल गयी है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को सत्ता से हटाए जाने के बाद उनके समर्थकों ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किये थे। इमरान खान पर अपने समर्थकों को विरोध व हिंसक प्रदर्शन के लिए उकसाने के आरोपों में पाकिस्तान के अलग-अलग शहरों में मुकदमे दर्ज कराए गए थे। आजादी मार्च के दौरान अवैध ढंग से एकत्र होने, दंगा भड़काने, जानलेवा हथियारों के साथ प्रदर्शन करने, आगजनी करने जैसे आरोपों में इमरान के खिलाफ जिला व सेशन अदालत के जज कामरान बशारत मुफ्ती की अदालत में सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान इमरान खान अपने वकील बाबर अवान के साथ पेश हुए। न्यायाधीश ने वकीलों की दलीलें सुनने के बाद इमरान खान के खिलाफ



कराची कंपनी में दर्ज 15 अलग-अलग मामलों में अंतरिम जमानत दे दी है। इसके साथ ही अदालत ने स्थानीय पुलिस को उनकी गिरफ्तारी करने से रोक दिया है। अदालत ने इन मामलों का ब्योरा पुलिस से तलब किया है। अब इस मामले की सुनवाई छह जुलाई को होगी।

## भारतीय राजदूत रावत चीनी विदेश मंत्री से बोले- एलएसी पर शांति बनाए रखने के लिए गंभीरता से सोचे चीन

**बीजिंगः** चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की और सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखने की गंभीरता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एशिया व दुनिया के नजरिये से दोनों देशों के बीच सीमा क्षेत्रों में शांति स्थापित करना बेहद जरूरी है। रावत ने मार्च में चीन में भारतीय राजदूत का पदभार संभाला है।

रावत ने डियाओयुताई स्टेट गेस्ट हाउस में चीनी विदेश मंत्री के साथ शिष्टाचार भेंट की। पद संभालने के बाद विदेश मंत्री के साथ उनकी पहली मुलाकात थी। रावत और वांग के बीच द्विपक्षीय एवं बहुआयामी मुद्दों पर चर्चा हुई। वांग यी ने कहा, दोनों देशों के नेतृत्व के बीच उच्चतम स्तर पर, एशिया और दुनिया के लिए द्विपक्षीय संबंधों के महत्व पर सहमति है। रावत ने भी इस पर सहमति जताई साथ ही इसे पूरी क्षमता से साकार करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और शांति बनाए रखने की गंभीरता पर बल दिया। दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जारी तनाव के बीच रावत व वांग की मुलाकात महत्वपूर्ण है।

सीमा पर शांति बहाल करने के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य स्तर की बातचीत जारी है। इसके परिणाम स्वरूप ही दोनों देशों ने पेंगॉन्ग झील के उत्तर व दक्षिण और गोगरा इलाके से पूरी तरह



सेनाएं हटा ली है। बातचीत के दौरान वांग ने मार्च में विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बातचीत का जिक्र किया।

**भारत के साझा हित मतभेदों से कहीं अधिक अहम : वांग**- चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रावत से कहा, भारत के साथ साझा हित हमारे मतभेदों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। दोनों पक्षों को एक-दूसरे को कमजोर करने के बजाय समर्थन देना चाहिए, एक-दूसरे के खिलाफ सुरक्षा के बजाय सहयोग को मजबूत करना चाहिए। आपसी विश्वास को बढ़ाना चाहिए। दोनों पक्षों को एक-दूसरे से मिलना चाहिए ताकि द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द स्थिर और स्वस्थ विकास की पटरी पर लाया जा सके।

दोनों देश मिलकर वैश्विक चुनौतियों का सामना करें। अपने व अन्य विकासशील देशों के साझा हितों की सुरक्षा करें। उन्होंने दोनों देशों के नेताओं के बीच महत्वपूर्ण रणनीतिक सहमति का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, चीन और भारत को सांस्कृतिक आदान-प्रदान में अपने पारंपरिक लाभों पर भी ध्यान देना चाहिए।

**मेडिकल छात्रों की वापसी व सीधी उड़ान पर भारत-चीन ने की वार्ता**

कोरोना महामारी को लेकर चीन प्रतिबंध के कारण दो सालों से अपने घरों में फंसे हजारों भारतीय छात्रों की वापसी को लेकर भारत और चीन ने बातचीत की। साथ ही कोरोना के कारण बाधित सीधी उड़ान सेवा को फिर से शुरू करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। चीन में हजारों छात्र पढ़ाई कर रहे हैं और उनमें ज्यादातर मेडिकल के छात्र हैं।

यात्रा प्रतिबंध के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हुई है। चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की वार्ता में सबसे जटिल मुद्दा भारतीय छात्रों की वापसी का रहा। वांग ने उम्मीद जताई कि इस मुद्दे पर जल्द प्रगति होगी। चीनी विदेश मंत्री ने चीन से भारत की सीधी उड़ान को फिर से बहाल करने पर भी बात की। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री रिचर्ड मार्लेस ने कहा, चीन आक्रामकता के सहारे पड़ोसी सीमाओं को कब्जाने में जुटा है। चाहें पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर दो साल पहले की स्थिति हो या दक्षिण चीन सागर की चालबाजी। चीन नियमों को ताक पर रखकर अपनी ताकत दिखाकर भय पैदा करने और जमीन हथियाने की रणनीति पर चल रहा है। मार्लेस चार दिवसीय भारत दौरे पर हैं। मार्लेस ने कहा, ऑस्ट्रेलिया और भारत के लिए चीन 'सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता' है क्योंकि वह हमारे आसपास ऐसी दुनिया बनाने की कोशिश में जुटा है, जैसा कभी पहले नहीं देखा गया।